3. प्रथम भाग का पक्षकार शिक्षक/अधिकारी के स्तर का होगा और उसका दर्जा ..... स्कूल में तथा वर्तमान में ..... विभाग/केन्द्र/कार्यालय में तैनात ..... (पदनाम) का होगा।

4. प्रथम भाग का पक्षकार समझता है तथा सहमति देता है कि किसी स्कूल/विभाग/केन्द्र विशेष में उसकी मौजूदा तैनाती विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं के अनुसार है तथा विश्वविद्यालय अपने स्कूलों, विभागों तथा केन्द्रों को स्थापित करने, समाप्त करने, उनका विलय करने, पुनर्गठित करने तथा उनका पुनः नामकरण करने का अधिकार सुरक्षित रखता है क्योंकि बदलती हुई जरूरतों, अपेक्षाओं तथा परिस्थितियों के लिए यह अभीष्ट हो सकता है तथा यह कि प्रथम भाग का पक्षकार स्वेच्छापूर्वक स्वीकार करेगा और उसे विश्वविद्यालय के किसी स्कूल/विभाग/केन्द्र में उसकी तैनाती पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

5. प्रथम भाग के पक्षकार को इनके प्रवृत्त हो जाने की तारीख से ..... रु. के वेतनमान में रु. .....(..... के ग्रेड पे सहित मूल वेतन) दिया जाएगा। वह विश्वविद्यालय /भारत सरकार के नियमों के अधीन अनुमत्य सामान्य भत्ते का भी पात्र होगा।

6. प्रथम भाग का पक्षकार उस पर लागू नियमों के अनुसार इस अपने करार की अवधि के दौरान छुट्टी अर्जित करेगा।

7. यदि प्रथम भाग के पक्षकार को विश्वविद्यालय की सेवा के हित में यात्रा करना अपेक्षित होगा तो वह विश्वविद्यालय में उसके समान स्तर के अधिकारियों के लिए लागू वेतनमान पर यात्रा भत्ते का पात्र होगा।

8. उसके करार को दोनों में से किसी भी एक पक्षकार द्वारा एक दूसरे को लिखित रूप में तीन माह का नोटिस देकर अधिवर्षिता की आयु की उक्त अवधि के भीतर किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। परन्तु सर्वदा यह कि दोनों में से कोई पक्षकार नोटिस के बदले दूसरे पक्षकार को उस अवधि के वेतन जो तीन माह से कम हो के समतुल्य धनराशि प्रदान करेगा।

9. प्रथम भाग का पक्षकार लागू नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय भविष्य निधि/पेंशन/नई पेंशन योजना के लाभ का हकदार होगा।

10. किसी ऐसे मामले के संबंध में जिसके बारे में इस करार में कोई प्रावधान नहीं किया गया हो, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 ख तथा 313 के अधीन बने अथवा बने समझे गए नियमों के उपबंध, विश्वविद्यालय सेवा में शिक्षक/अधिकारी की श्रेणी में धारित कर्मियों के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए किसी अधिनियम अथवा नियम के उपबंध उस सीमा तक लागू होंगे जब तक वे इस करार के अधीन प्रथम भाग के पक्षकार की सेवा पर लागू है और उनकी प्रयोज्यता के रूप में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

इसके साक्ष्यस्वरूप ..... प्रथम भाग का पक्षकार तथा कार्यकारिणी परिषद की ओर से आदेश तथा निर्देशानुसार कार्य करते हुए कुलसचिव (नाम) ने भारत गणतंत्र के ..... वर्ष में इस पर हस्ताक्षर किए हैं।

प्रथम भाग के पक्षकार द्वारा हस्ताक्षरितः

निम्नलिखित की उपस्थिति में:

गवाहः1)

गवाहः2)

अध्यादेश सं. 15

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 28 (1) (ण) के अधीन शिक्षण स्टाफ के लिए अवकाश नियम

1. अवकाश से संबंधित सामान्य नियमः

क) कोई भी शिक्षक साधिकार अवकाश का दावा नहीं कर सकता है और जब अत्यावश्यताएं अथवा सेवा के लिए ऐसा अपेक्षित हो तो अवकाश अनुमोदन प्राधिकारी द्वारा किसी भी तरह का अवकाश अस्वीकृत अथवा रद्द किया जा सकेगा।

ख) यदि किसी शिक्षक को उसके अवकाश की समाप्ति से पूर्व ड्यूटी पर बुलाया जाता हो तो ड्यूटी पर इस प्रकार के बुलावे को सभी मामलों में बाध्यकारी एवं अनिवार्य समझा जाएगा।

ग) इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय अवकाश ड्यूटी पर व्ययित अवधि द्वारा हीं अर्जित किया जाएगा।

घ) कोई भी शिक्षक आपातकालीन स्थिति अथवा उसके नियंत्रण से परे कारणों से किसी तरह के अवकाश का लाभ तब तक नहीं उठाएगा जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवकाश संस्वीकृत न किया गया हो। परन्तु यह भी कि अवकाश के लिए आवेदन को सक्षम प्राधिकारी के पास अवश्य ही अग्रिम में पहुंच जाना चाहिए जिससे कि अवकाश को मंजूर अथवा अस्वीकृत करने का पर्याप्त समय मिल सके।

ड.) सामान्य नियम के रूप में ऐसे लंबे अवकाश जैसे कि अध्ययन अवकाश, अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश, असाधारण अवकाश का लाभ शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से ही उठाया जा सकता है और जब शैक्षणिक सत्र चल रहा हो तथा जारी हो तो किसी भी शिक्षक को लंबे अवकाश पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2) शिक्षकों को अनुमत्य अवकाश

क) स्थायी शिक्षकों को निम्नलिखित प्रकार के अवकाश अनुमत्य होंगे:–

i) ड्यूटी के रूप में माना गया अवकाशः आकस्मिक अवकाश, विशेष आकस्मिक अवकाश तथा ड्यूटी अवकाश

ii) ड्यूटी द्वारा अर्जित अवकाशः अर्जित अवकाश, अर्धवेतन अवकाश तथा परिवर्तित अवकाश।

iii) ड्यूटी द्वारा अनर्जित अवकाशः असाधारण और अदेय अवकाश

iv) अवकाश खाते में जमा नहीं किया गया अवकाश : पितृत्व अवकाश, मातृत्व अवकाश, संगरोध अवकाश, अध्ययन अवकाश, ड्यूटी अवकाश तथा अध्ययन प्रोत्साहन (सबैटिकल) अवकाश

v) आपवादिक अवकाशः कार्यकारिणी परिषद जिसके लिए कारणों को दर्ज किया जाएगा, आपवादिक मामलों में अन्य शर्तों जो यह लागू करने के लिए उपयुक्त समझे, के अध्यधीन किसी अन्य प्रकार के अवकाश की अनुमति दे सकती है।

3) आकस्मिक अवकाशः

क) विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक शिक्षक अत्यावश्यक व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जिम्मेवारियों के निर्वहन करने हेतु प्रत्येक वर्ष 8 दिन के आकस्मिक अवकाश का पात्र होगा।

ख) परन्तु यह कि आकस्मिक अवकाश को अगले अवकाश वर्ष के लिए अग्रेनीत नहीं किया जा सकता है।

ग) परन्तु यह भी कि आकस्मिक अवकाश के बीच पड़ने वाली सार्वजनिक छुट्टियां तथा साप्ताहिक छुट्टियों को आकस्मिक अवकाश के भाग के तौर पर नहीं गिना जाएगा तथा ऐसी छुट्टियों को आकस्मिक अवकाश के साथ शुरू में अथवा अंत में जोड़ा जा सकता है।

4) विशेष आकस्मिक अवकाशः

क) किसी कैलेण्डर वर्ष 10 दिनों से अनधिक विशेष आकस्मिक अवकाश शैक्षणिक कार्यकलापों के प्रयोजनार्थ कुलपति द्वारा पूर्णकालिक स्थायी शिक्षक को संस्वीकृत किया जा सकता है।

i) परन्तु यह कि शिक्षक को अनुमत्य कुल दस दिनों के अवकाश की गणना करने में यात्रा में लिए गए दिनों को नहीं गिना जाएगा।

ख) नीचे उल्लिखित सीमा तक विशेष आकस्मिक अवकाश भी निम्नलिखित अवधि तक संस्वीकृत किया जा सकता है

i) परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत बंध्यीकरण शल्यक्रिया करवाने के लिए पुरुष शिक्षक को अधिकतम छह कार्य दिवस

ii) नॉन प्युअरपेरल बंध्यीकरण करवाने के लिए महिला शिक्षक को अधिकतम चौदह कार्य दिवस

ग) विशेष आकस्मिक अवकाश को संचित नहीं किया जा सकता है न ही उसे आकस्मिक अवकाश को छोड़कर किसी अन्य तरह के अवकाश के साथ संयोजित किया जा सकता है। तथापि, इसे छुट्टियों अथवा विश्रामावकाश के साथ मिलाकर संस्वीकृत किया जा सकता है।

5) ड्यूटी अवकाशः

क) किसी पूर्णकालिक स्थायी शिक्षक को ऐसी अवधि का ड्यूटी अवकाश जो निम्नलिखित प्रयोजनार्थ प्रत्येक अवसर पर अनुमोदन प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझा जाए, संस्वीकृत किया जा सकता है:

i) विश्वविद्यालय की ओर से अथवा विश्वविद्यालय की अनुमति से राष्ट्रीय स्तर के निकायों के सम्मेलनों, महासम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं तथा बैठकों में शामिल होंगे।

ii) इस विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त तथा कुलपति द्वारा स्वीकृत ऐसी संस्थाओं अथवा विश्वविद्यालयों के आमंत्रण पर संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों में व्याख्यान देने।

iii) किसी अन्य भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय, किसी अन्य एजेंसी, संस्था अथवा संगठन में कार्य करने के लिए जब विश्वविद्यालय द्वारा ऐसा प्रतिनियुक्त किया गया हो।

iv) भारत सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, सहयोगी विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य शैक्षणिक निकाय द्वारा नियुक्त शिष्टमंडल में शामिल होने अथवा समिति में कार्य करने तथा विश्वविद्यालय के लिए कोई अन्य ड्यूटी का निष्पादन करने।

ख) ड्यूटी अवकाश पूर्ण वेतन पर संस्वीकृत किया जा सकता है परन्तु यह कि यदि शिक्षक को सामान्य व्ययों के लिए आवश्यक धनराशि से अधिक अध्येतावृत्ति अथवा मानेदय अथवा कोई अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त करता हो तो उसे न्यूनीकृत वेतन तथा भत्तों पर ड्यूटी अवकाश संस्वीकृत किया जा सकता है।

ग) ड्यूटी अवकाश को अर्जित अवकाश, अर्धवेतन अवकाश अथवा असाधारण अवकाश के साथ संयोजित किया जा सकता है।

6) अर्जित अवकाश

क) किसी शिक्षक को अनुमत्य अर्जित अवकाश क) विश्रामावकाश सहित वास्तविक सेवा का 1/30 वां + (ख) अवधि, यदि कोई हो, का एक–तिहाई जब उससे विश्रामावकाश के दौरान ड्यूटी का निष्पादन करने की अपेक्षा होती है परन्तु किसी शिक्षक के खाते में कुल अर्जित अवकाश 300 दिनों से अधिक संचित नहीं किया जा सकता है। परन्तु यह कि वास्तविक सेवा अवधि के संगणन के प्रयोजनार्थ आकस्मिक, विशेष आकस्मिक तथा ड्यूटी अवकाश को छोड़कर अवकाश की सभी अवधियों को अपवर्जित किया जाएगा।

ख) किसी समय संस्वीकृत किए जा सकने वाला अधिकतम अर्जित अवकाश 60 दिनों में से अधिक नहीं होगा सिवाय उच्चतर अध्ययन अथवा प्रशिक्षण अथवा चिकित्सा प्रमाण पत्र पर अवकाश के मामले के अथवा जब समस्त अवकाश अथवा उसका भाग भारत से बाहर बिताया जाता हो।

ग) सेवानिवृत्ति से पूर्व अवकाश के रूप में लिए गए अर्जित अवकाश का अधिकतम 300 दिनों तक लाभ उठाया जा सकता है। तथापि, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा भारत सरकार के साथ नियोजन को छोड़कर निजी नियोजन के लिए अवकाश की अवधि के दौरान कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

घ) चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश को छोड़कर छुट्टियों को अवकाश के पूर्व में/बाद में जोड़ने की अनुमति उन मामलों जहां प्रशासनिक कारणों से अवकाश के पूर्व में तथा बाद में छुट्टियों को जोड़ने की अनुमति विशेषतौर पर रोकी गई हो, को छोड़कर स्वतः ही दी जाती है।

ड) चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश की स्थिति में यदि उस दिन जब शिक्षक को पुनः कार्यभार ग्रहण करने के लिए चिकित्सीय रूप से स्वस्थता प्रमाणपत्र दिया जाता है, छुटटी का दिन हो तो उसे ऐसी छुट्टियों को उसके चिकित्सा अवकाश में बाद में जोड़ने की अनुमति स्वतः ही प्राप्त हो जाती है और ऐसे दिन (दिनों) की गिनती अवकाश के रूप में नहीं की जाएगी।

च) जब कोई शिक्षक विश्रामावकाश को अर्जित अवकाश के साथ संयोजित करेगा तो विश्रामावकाश की अवधि को औसत वेतन पर अधिकतम अवकाश का परिकलन करने में संदर्भित किया जाएगा, जिसे उस अवकाश अवधि में शामिल किया जा सकेगा।

छ) यदि अवकाश का केवल एक भाग भारत से बाहर बिताया जाएगा तो 120 दिनों से अधिक अवकाश की संस्वीकृति इस शर्त के अध्यधीन होगी कि भारत में व्यतीत अवकाश का भाग कुल मिलाकर 120 दिनों से अधिक नहीं होगा।

ज) अधिकतम 300 दिन को सीमित करते हुए जहां खाते में शेष 294–300 दिन हैं, 1 जनवरी/1 जुलाई को 06 दिनों के आगामी अग्रिम जमा को अलग रखा जाएगा तथा 30 जून/31 दिसंबर को समाप्त हो रहे उस अर्ध वर्ष के दौरान उपभोग किए गए अर्जित अवकाश से समायोजित किया जाएगा। तथापि, यदि उपयोग किया गया अवकाश 06 दिन से कम होगा तो शेष को उस अर्ध वर्ष की समाप्ति पर 300 दिन की अधिकतम सीमा के अध्यधीन अवकाश खाते में जमा किया जाएगा।

7) अर्ध वेतन अवकाशः

क) किसी स्थायी शिक्षा को अनुमत्य अर्ध वेतन अवकाश सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 20 दिन होगा। ऐसा अवकाश निजी कार्यों अथवा शैक्षणिक प्रयोजनों के लिए रजिस्टर्ड चिकित्सक से चिकित्सा प्रमाण–पत्र के आधार पर संस्वीकृत किया जा सकेगा।

ख) सेवा के पूर्ण वर्ष का अभिप्राय विश्वविद्यालय के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि की सतत सेवा है और इसमें ड्यूटी पर व्यतीत अवधि तथा असाधारण अवकाश सहित अवकाश हैं।

8) परिवर्तित अवकाशः

क) किसी स्थायी शिक्षक को अर्ध वेतन अवकाश की संख्या के आधे से अनधिक परिवर्तित अवकाश चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर संस्वीकृत किया जा सकता है।

ख) समस्त सेवा के दौरान परिवर्तित अवकाश अधिकतम 240 दिनों तक सीमित होगा।

ग) अर्जित अवकाश तथा परिवर्तित अवकाश की कुल अवधि जिसे संयोजन में लिया गया हो, एक बार में 240 दिनों से अधिक नहीं होगा। परन्तु यह कि कोई भी परिवर्तित अवकाश इस उपबंध के अधीन संस्वीकृत नहीं किया जा सकता है जब तक कि अवकाश संस्वीकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारी के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि शिक्षक अवकाश की समाप्ति पर ड्यूटी पर वापस आ जाएगा।

घ) जब परिवर्तित अवकाश संस्वीकृत किया जाएगा तो ऐसे अवकाश का दुगुना देय अर्धवेतन अवकाश के प्रति नामे कर लिया जाएगा।

ड.) जहां कोई शिक्षक जिसे परिवर्तित अवकाश संस्वीकृत कर दिया गया हो, सेवा से त्यागपत्र देता है अथवा उसके अनुरोध पर ड्यूटी पर वापस आए बगैर उसे स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त होने की अनुमति दी जाती हो तो परिवर्तित अवकाश को अर्धवेतन अवकाश के रूप में माना जाएगा तथा परिवर्तित अवकाश तथा अर्धवेतन अवकाश के संबंध में अवकाश वेतन के बीच अंतर को वसूल लिया जाएगा। परन्तु यह कि ऐसी कोई वसूली नहीं की जाएगी यदि सेवानिवृत्ति बुरे स्वास्थ्य की वजह जिससे शिक्षक आगे की सेवा के लिए अक्षम हो जाता है अथवा उसकी मृत्यु हो जाने पर हुई हो।

असाधारण अवकाश

क) स्थायी शिक्षक को असाधारण अवकाश तब दिया जा सकता है जब कोई अन्य अवकाश अनुमत्य न हो अथवा जब अन्य अवकाश अनुमत्य हो, शिक्षक विशेषतौर पर असाधारण अवकाश की संस्वीकृति के लिए लिखित रूप में आवेदन करता हो।

ख) विभाग की नामावली में 20 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों को कभी भी असाधारण अवकाश तथा अध्ययन अवकाश/अध्ययन प्रोत्साहन (सबैटिकल) अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ग) असाधारण अवकाश सर्वदा वेतन और भत्तों के बगैर होगा और निम्नलिखित मामलों के सिवाय इनकी वेतन–वृद्धि के लिए गिनती नहीं की जाएगी :–

i) चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर लिया गया अवकाश

ii) उन मामलों में जहां कुलपति को समाधान हो जाता है कि अवकाश शिक्षक के नियंत्रण से परे कारणों से लिया गया था जैसे कि नागरिक उपद्रव अथवा प्राकृतिक आपदा की वजह से ड्यूटी पर कार्यभार ग्रहण अथवा पुनः कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थता बशर्ते कि शिक्षक के पास उसके खाते में किसी अन्य तरह का अवकाश न हो।

iii) उच्चतर अध्ययन करने, उसे आगे बढाने तथा प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया अवकाश।

iv) किसी अध्यापन पद अथवा अध्येतावृत्ति अथवा शोध–सह–अध्यापन पद के आमंत्रण अथवा तकनीकी अथवा शैक्षणिक महत्व के कार्य के लिए सुपुर्द कार्य को स्वीकार करने के लिए संस्वीकृत अवकाश।

घ) असाधारण अवकाश को आकस्मिक अवकाश तथा विशेष आकस्मिक अवकाश को छोड़कर किसी अन्य तरह के अवकाश के साथ संयोजित किया जा सकता है।

i) परन्तु यह कि अवकाश पर ड्यूटी से निरंतर अनुपस्थिति की कुल अवधि (विश्रामावकाश की अवधि सहित जब ऐसा विश्रामावस्था अवकाश के संयोग में लिया गया हो) तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी सिवाय उन मामलों के जहां अवकाश चिकित्सा प्रमाण–पत्र के आधार पर लिया गया हो।

ii) परन्तु यह भी कि ड्यूटी से अनुपस्थिति की कुल अवधि किसी भी स्थिति में व्यक्ति के पूर्ण कार्य जीवन में 5 वर्षों से अधिक नहीं होंगी।

10) अदेय अवकाश

क) स्थायी शिक्षक को कुलपति के पूर्ण स्वविवेक से समस्त सेवाकाल के दौरान 360 दिनों से अनधिक अवधि तक 'अदेय अवकाश' संस्वीकृत किया जा सकता है। परन्तु यह भी कि ऐसा अवकाश एक बार में 90 दिनों में अनधिक तक संस्वीकृत नहीं किया जाएगा सिवाय चिकित्सा की वजह के मामले के जिस मामले में 180 दिनों का अधिकतम अवकाश संस्वीकृत किया जा सकेगा।

ख) शिक्षक द्वारा उपयोग किए गए 'अदेय अवकाश' को उसके द्वारा बाद में अर्जित अर्ध वेतन अवकाश के विरूद्ध नामे किया जाएगा।

ग) 'अदेय अवकाश' तभी संस्वीकृत किया जाएगा यदि कुलपति को समाधान हो जाता है कि जहां तक यथोचित रूप से प्रत्याशित हो, शिक्षक अवकाश की समाप्ति पर ड्यूटी पर वापस आ जाएगा तथा संस्वीकृत अवकाश अर्जित करेगा।

घ) किसी ऐसे शिक्षक जिसे 'अदेय अवकाश' संस्वीकृत किया जाता हो, को तब तक सेवा से त्यागपत्र देने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके अवकाश खाते में नामे शेष सक्रिय सेवा से खत्म नहीं किया जाता हो अथवा वह उस अर्जित नहीं किए गये अवकाश की अवधि के लिए उसे वेतन एवं भत्तों के रूप में संदत्त धनराशि वापस न कर देता हो।

ड.) परन्तु उस मामले में जहां बीमारी जिससे शिक्षक आगे की सेवा के लिए अक्षम हो जाता है, के कारणवश सेवानिवृत्ति अपरिहार्य हो तो अभी भी अर्जित किए जाने वाले अवकाश की अवधि के लिए अवकाश वेतन की वापसी से कार्यकारिणी परिषद द्वारा छूट दी जा सकती है।

च) परन्तु यह भी कि कार्यकारिणी परिषद आपवादिक मामलों में जिसके कारणों को दर्ज किए जाएं, अभी भी अर्जित किए जाने वाले अवकाश की अवधि के लिए अवकाश वेतन की वापसी से छूट दे सकती है।

11) मातृत्व अवकाश :

क) मातृत्व अवकाश किसी महिला शिक्षक को पूर्ण वेतन पर संस्वीकृत किया जा सकता है जैसा कि केन्द्र सरकार के कर्मियों के लिए लागू है।

ख) मातृत्व अवकाश गर्भपात सहित अकाल प्रसव के मामले में इस शर्त के अध्यधीन संस्वीकृत किया जा सकता है कि किसी महिला शिक्षक का उनके कैरिअर में इसके संबंध में संस्वीकृत कुल अवकाश उतना ही होगा जो केन्द्र सरकार के कर्मियों के लिए लागू है तथा अवकाश के लिए आवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र लगाया जाता है।

ग) मातृत्व अवकाश को आकस्मिक अवकाश को छोड़कर किसी भी अन्य तरह के अवकाश के साथ संयोजित किया जा सकता है किन्तु मातृत्व अवकाश को जारी रखने के लिए आवेदित अवकाश तभी संस्वीकृत किया जा सकता है जब आवेदन के साथ चिकित्सा प्रमाण–पत्र लगाया जाता हो।

घ) मातृत्व अवकाश के क्रम में अवकाश नवजात शिशु की बीमारी की स्थिति में भी इस आशय का चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के अध्यधीन संस्वीकृत किया जा सकता है कि बीमार शिशु की स्थिति में माता की व्यक्तिगत देखरेख अपेक्षित है और शिशु के पास उसकी मौजूदगी पूर्णतया आवश्यक है।

12) पितृत्व अवकाशः

क) पितृत्व अवकाश जैसा कि केन्द्र सरकार के कर्मियों के लिए लागू है, पुरुष शिक्षकों को उनकी पत्नियों की प्रसवावस्था के दौरान संस्वीकृत किया जा सकता है परन्तु यह सीमा दो बच्चों तक ही है।

13) संगरोध अवकाशः

क) संगरोध अवकाश ड्यूटी से अनुपस्थिति का अवकाश है जो किसी शिक्षक के परिवार अथवा घर में किसी संक्रामक रोग की विद्यमानता के परिणामस्वरूप आवश्यक हो जाता है।

ख) संगरोध अवकाश 21 दिनों की अनधिक अवधि के लिए चिकित्सा प्रमाण–पत्र के आधार पर संस्वीकृत किया जा सकता है; अपवादिक मामलों में इस सीमा को तीस दिनों तक बढ़ाया जा सकता है।

ग) संगरोध प्रयोजन के लिए इस अवधि से अधिक के आवश्यक अवकाश को साधारण अवकाश माना जाएगा।

घ) संगरोध अवकाश को अर्जित अवकाश, अर्धवेतन अवकाश अथवा असाधारण अवकाश के साथ संयोजित किया जा सकता है।

14) अध्ययन अवकाशः

क) किसी स्थायी शिक्षक को विश्वविद्यालय में न्यूनतम 3 वर्षों की निरंतर सेवा के पश्चात विशेष तरह का अध्ययन करने अथवा विश्वविद्यालय में उसके कार्य से प्रत्यक्षरूप से संबद्ध शोध अथवा विश्वविद्यालय संगठन के विभिन्न पहलुओं तथा शिक्षा की विधियों का अध्ययन करने के लिए अध्ययन अवकाश संस्वीकृत किया जा सकता है।

ख) सवैतनिक अध्ययन अवकाश पहली बार दो वर्षों की अवधि के लिए संस्वीकृत किया जा सकता है तथा इसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है यदि रिसर्च गाइड द्वारा यथा सूचित पर्याप्त प्रगति हुई है।

ग) अध्ययन अवकाश संबंधित विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर कार्यकारिणी परिषद द्वारा संस्वीकृत किया जा सकता है। यह अवकाश एक बार में तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए संस्वीकृत नहीं किया जा सकता है, सिवाय उन अत्यधिक आपवादिक मामलों जिसमें कार्यकारिणी परिषद संतुष्ट हो कि यह समय विस्तार अपरिहार्य तथा विश्वविद्यालय के हित में है।

घ) अध्ययन अवकाश किसी ऐसे शिक्षक को संस्वीकृत नहीं किया जाएगा जो अध्ययन अवकाश की समाप्ति के बाद ड्यूटी पर वापसी की प्रत्याशित तारीख के पांच वर्षों के भीतर सेवा निवृत्त होने वाला/वाली है।

ड.) किसी के सेवाकाल के दौरान अध्ययन अवकाश दो बार से अधिक संस्वीकृत नहीं किया जा सकता है। तथापि, सम्पूर्ण सेवा के दौरान अनुमत्य अधिकतम अध्ययन अवकाश पांच वर्षों से अधिक नहीं होना चाहिए।

च) सेवाकाल की संगणना करने में उस अवधि जब व्यक्ति परिवीक्षा पर था अथवा रिसर्च असिस्टेंश के रूप में नियोजित था, को संदर्भित किया जा सकता है बशर्ते कि वह व्यक्ति आवेदन की तारीख को स्थायी शिक्षक हो तथा सेवा में कोई भंजन न हो। परन्तु यह कि कार्यकारिणी परिषद किसी मामले की विशेष परिस्थितियों में सेवा निरंतर होने की शर्त से छूट दे सकती है।

छ) यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि शिक्षकों जिन्हें अध्ययन अवकाश संस्वीकृत किया गया है, की संख्या किसी विभाग में शिक्षकों जो लंबे अवकाश पर हो सकते है, की निर्धारित प्रतिशतता से अधिक न हो।

ज) अध्ययन अवकाश पर शिक्षक को कार्यकारिणी परिषद की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बगैर अध्ययन पाठ्यक्रम अथवा शोध कार्यक्रम को अत्यधिक बदलने/फेरबदल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

झ) संस्वीकृत अध्ययन अवकाश की समाप्ति के होते हुए भी, अध्ययन अवकाश पर कोई शिक्षक अध्ययन कार्यक्रम जिसके लिए अध्ययन अवकाश संस्वीकृत किया गया था और उसका उपभोग किया गया, की समाप्ति होने पर तत्काल ही कार्यभार पुनः ग्रहण करेगा।

ञ) छात्रवृत्ति, अध्योतावृत्ति अथवा अन्य वित्तीय सहायता की राशि द्वारा जो अध्ययन अवकाश संस्वीकृत शिक्षक को प्रदान की गयी है, उसे वेतन तथा भत्तों के साथ अध्ययन अवकाश संस्वीकृत किए जाने से नहीं रोका जा सकेगा। तथापि, इस प्रकार प्राप्त छात्रवृत्ति, अध्योतावृत्ति अथवा वित्तीय सहायता इत्यादि को वेतन और भत्तों जिनके आधार पर अध्ययन अवकाश संस्वीकृत किया गया है, का निर्धारण करने में ध्यान में रखा जाएगा।

ट) परन्तु यह भी कि ऐसे शिक्षकों को प्राप्त विदेशी छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति वेतन के प्रति तभी समायोजित की जाएगी यदि ऐसी छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति देश जिसमें अध्ययन किया जाना है, में परिवार के लिए जीविका लागत का यथोचित ध्यान रखते हुए समय–समय पर यथा निर्धारित तथा विनिर्दिष्ट राशि से अधिक न हो। भारतीय अध्येतावृत्ति के मामले में जो शिक्षक के वेतन से अधिक हो, अध्ययन अवकाश वेतन के बगैर संस्वीकृत किया जाएगा।

ठ) अध्ययन अवकाश को अर्जित अवकाश, अर्ध वेतन अवकाश, असाधारण अवकाश अथवा विश्रामावकाश के साथ संयोजित किया जा सकता है परन्तु शिक्षक के खाते में अर्जित अवकाश का शिक्षक के विवेक से इस शर्त के अध्यधीन उपभोग किया जाएगा कि ड्यूटी से अनुपस्थिति की कुल अवधि तीन वर्षों से अधिक नहीं होगी।

(ड) अध्ययन अवकाश के दौरान जिस शिक्षक को किसी उच्च पद के लिए चयनित किया जाएगा उसे उस पद पर रखा जाएगा और वह उस पद पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही उच्च वेतनमान प्राप्त करेगा।

(ढ) जिस शिक्षक को अध्ययन अवकाश मंजूर किया जाएगा वह अध्ययन अवकाश से वापस आने और विश्वविद्यालय की सेवा फिर से कार्यभार ग्रहण करने पर वार्षिक वेतन वृद्धि (वेतन वृद्धियों) के लाभ के लिए पात्र हो सकता है जिसे उसने इस अवधि के दौरान अर्जित की होती, यदि वह अध्ययन अवकाश पर न गया होता/होती। तथापि, वह वेतन वृद्धियों का एरियर प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा/होगी।

(ण) पेंशन/अंशदायी भविष्य निधि के लिए अध्ययन अवकाश की गणना सेवा के रूप की जाएगी, यदि शिक्षक अपने अध्ययन अवकाश की समाप्ति पर विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करेगा।

(त) किसी शिक्षक को मंजूर किए गए अध्ययन अवकाश को निरस्त समझा जाएगा, यदि शिक्षक संस्वीकृति की तिथि से 12 माह के अंदर उसका उपयोग करने में असफल रहेगा। परंतु यह कि जहां मंजूर किए गए अध्ययन अवकाश को इस प्रकार निरस्त किया गया है, शिक्षक ऐसे अवकाश के लिए फिर से आवेदन करने के लिए पात्र हो सकता है।

(थ) अध्ययन अवकाश का उपयोग करने वाले शिक्षक से यह वचन देने की अपेक्षा होगी कि वह ड्यूटी फिर से ग्रहण करेगा/करेगी और कम से कम तीन साल की लगातार अवधि तक विश्वविद्यालय की सेवा करेगा/करेगी, जिसकी गणना अध्ययन अवकाश की समाप्ति के बाद ड्यूटी फिर से ग्रहण करने की तिथि से की जाएगी।

(द) संस्वीकृत अध्ययन अवकाश का उपयोग करने से पूर्व शिक्षक से निम्नलिखित की अपेक्षा होगी :

(i) अध्ययन अवकाश की शर्तों को विधिवत रूप से पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय के पक्ष में स्वयं को आबद्ध करने वाला एक बांड निष्पादित करना।

(ii) ऐसी राशि जो अध्ययन अवकाश की शर्तों की पूर्ति न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय को लौटाई जा सकती है, के लिए अचल संपत्ति की प्रतिभूति या किसी बीमा कंपनी का विश्वस्तता बांड या किसी अनुसूचित बैंक द्वारा गारंटी प्रदान करेगा या दो स्थायी शिक्षकों की प्रतिभूति प्रस्तुत करेगा।

(ध) अध्ययन अवकाश पर शिक्षक से रजिस्ट्रार को अपने पर्यवेक्षक या संस्था के प्रमुख से अपने अध्ययनों में प्रगति की छमाही रिपोर्टें प्रस्तुत करने की अपेक्षा होगी। यह रिपोर्ट अध्ययन अवकाश के प्रत्येक 6 माह की समाप्ति के एक माह के अंदर रजिस्ट्रार के पास पहुंचेगी तथा ऐसा न होने पर ऐसी रिपोर्ट की प्राप्ति तक अवकाश वेतन का भुगतान स्थगित किया जा सकता है।

(15) अध्ययन प्रोत्साहन (सबैटिकल) अवकाश :

(क) विश्वविद्यालय के स्थायी, पूर्णकालिक शिक्षकों जिन्होंने विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर या प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 7 साल की सेवा पूरी कर ली है, को अध्ययन या अनुसंधान या अन्य शैक्षिक कार्य करने के लिए अथवा उच्च शिक्षा प्रणाली के विकास के लिए अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश मंजूर किया जा सकता है।

(ख) अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश की अवधि एक बार में एक साल से अधिक नहीं होगी तथा शिक्षक के पूरे करियर में दो साल से अधिक नहीं होगी।

(ग) अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश का लाभ उठाने वाले शिक्षक को तब तक अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश मंजूर नहीं किया जाएगा जब तक कि हासिल किए गए पिछले अध्ययन अवकाश से शिक्षक के वापस लौटने की तिथि से 5 साल की अवधि समाप्त नहीं हो जाएगी।

(घ) अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश की अवधि के दौरान शिक्षक को अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश पर उसके जाने से ठीक पूर्व उस पर लागू दरों से पूर्ण वेतन एवं भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

(ड.) अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश पर शिक्षक ऐसे अवकाश की अवधि के दौरान भारत में या विदेश में किसी अन्य संगठन के अधीन कोई नियमित रोजगार ग्रहण नहीं करेगा। तथापि, उसे फेलोशिप या अनुसंधान छात्रवृत्ति या मानदेय अथवा सहायता के किसी अन्य रूप में शिक्षण एवं अनुसंधान का कार्य स्वीकार करने की अनुमति हो सकती है। परंतु यह कि ऐसे मामलों में कार्यकारिणी परिषद कम वेतन एवं भत्ते पर अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश संस्वीकृत कर सकती है, यदि वह ऐसा चाहती है।

(च) अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश की अवधि के दौरान शिक्षक को नियत तिथि को वेतन वृद्धि आहरित करने की अनुमति होगी। पेंशन/अंशदायी भविष्य निधि के प्रयोजनों के लिए अवकाश की अवधि की गणना सेवा के रूप में भी की जाएगी, यदि शिक्षक अपने अवकाश की समाप्ति पर विश्वविद्यालय फिर से कार्यभार ग्रहण करेगा।

(छ) अध्ययन प्रोत्साहन अवकाश के दौरान अनुसरण किया जाने वाला कार्यक्रम अवकाश की मंजूरी के लिए आवेदन के साथ अनुमोदन के लिए विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया जाएगा।

(ज) अवकाश से वापस लौटने पर शिक्षक अवकाश की अवधि के दौरान किए गए अध्ययनों, अनुसंधान या अन्य कार्य की प्रकृति के बारे में विश्वविद्यालय को सूचित करेगा।

(16) अवकाश की शुरुआत और समाप्ति :

(क) साधारणतया अवकाश उस तिथि से शुरू होता है जब इस प्रकार का अवकाश वास्तव में हासिल किया जाता है तथा ड्यूटी फिर से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक दिन पहले समाप्त होता है।

(ख) साप्ताहिक छुट्टियों तथा अन्य सार्वजनिक छुट्टियों (विश्रामावस्था को छोड़कर) को अवकाश से पूर्व और अवकाश के बाद जोड़ा जा सकता है।

(ग) शिक्षकों से सामान्यतया शैक्षिक सत्र के अंतिम दिन तथा विश्राम काल के बाद सत्र के उद्घाटन के दिन उपस्थित रहने की अपेक्षा होती है। तथापि, आपवादिक या विशेष परिस्थितियों में कुलपति द्वारा आकस्मिक अवकाश को छोड़कर किसी प्रकार के अवकाश में एक छोर पर विश्राम काल के संयोजन की अनुमति प्रदान की जा सकती है।

(17) अवकाश की समाप्ति पर ड्यूटी पर वापस आना :

(क) अवकाश मंजूर करने वाले प्राधिकारी से प्राप्त अनुमति को छोड़कर, छुट्टी पर जाने वाला कोई भी व्यक्ति उसे मंजूर किए गए अवकाश की अवधि की समाप्ति से पूर्व ड्यूटी पर वापस नहीं लौट सकता है।

(18) अवकाश का संयोजन :

(क) इन नियमों में जो अन्यथा प्रावधान किए गए हैं उन्हें छोड़कर, इन नियमों के तहत किसी प्रकार का अवकाश किसी अन्य प्रकार के अवकाश के संयोजन में या क्रम में मंजूर किया जा सकता है।

(19) सेवानिवृत्ति की तिथि के बाद तथा त्यागपत्र पर अवकाश की मंजूरी :

(क) जिस तिथि को शिक्षक सेवानिवृत्त होना चाहिए उसके बाद कोई भी अवकाश मंजूर नहीं किया जाएगा, परंतु शिक्षक को निम्नलिखित शर्तों के अधीन अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के समय उसके खाते में जमा अर्जित अवकाश की अवधि के संबंध में अवकाश वेतन के समतुल्य भुगतान किया जायेगा :

(i) अर्जित अवकाश के लिए अवकाश वेतन के समतुल्य नकद का भुगतान 300 दिन तक सीमित होगा।

(ii) जो शिक्षक अपनी सेवा को अभिशासित करने वाली शर्तों एवं निबंधनों के अधीन सेवानिवृत्ति के लिए निर्धारित सामान्य आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होता है उसके संबंध में अवकाश मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी स्वप्रेरणा से अधिकतम 300 दिन की अवधि के अधीन उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि को शिक्षक के खाते में जमा अर्जित अवकाश, यदि कोई हो, के लिए अवकाश वेतन के समतुल्य नकद मंजूर करने का आदेश जारी करेगा।

(iii) नकद भुगतान अर्जित अवकाश के लिए यथाग्राह्य अवकाश वेतन तथा सेवानिवृत्ति की तिथि को लागू दरों पर उस अवकाश वेतन पर ग्राह्य मंहगाई भत्ता के बराबर होगा। कोई भी नगर प्रतिपूर्ति भत्ता और/या किराया भत्ता संदेय नहीं होगा।

(iv) प्रयुक्त न किए गए अर्जित अवकाश के लिए नकद भुगतान अधिवर्षिता की तिथि को ग्राह्य वेतन और 300 दिन की अधिकतम अवधि के अधीन अधिवर्षिता की तिथि को प्रयुक्त न किए गए अर्जित अवकाश की संख्या के लिए मंहगाई भत्ता के समतुल्य होगा।

(v) यदि किसी शिक्षक को सेवानिवृत्ति के बाद फिर से नियुक्त किया जाता है तो उसे अवकाश मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से उसके पुनः नियोजन की समाप्ति पर पुनः नियोजन की समाप्ति की तिथि को उसके खाते में जमा अर्जित अवकाश के संबंध में 300 दिन की अधिकतम अवधि के अधीन समतुल्य नकद मंजूर किया जा सकता है, जिसमें वह अवधि शामिल होगी जिसके लिए सेवानिवृत्ति के समय नकदीकरण की अनुमति दी गई थी।

(vi) शिक्षक सेवानिवृत्ति के लिए अवकाश के रूप में अपने खाते में जमा अर्जित अवकाश के कुछ भाग का भी लाभ उठा सकता है। ऐसे मामले में, उसे इस नियम में निर्धारित शर्तों एवं निबंधनों के अनुसरण में ऐसे अर्जित अवकाश के लिए इस नियम के लाभों को प्राप्त करने की अनुमति होगी जो सेवानिवृत्ति की तिथि को उसके खाते में जमा रहता है।

(vii) सेवानिवृत्ति के लिए अवकाश पर जा चुके शिक्षक जिन्हें ड्यूटी पर वापस लौटने की अनुमति प्रदान की गई है, भी सेवानिवृत्ति की तिथि को इस नियम के तहत लाभ के हकदार होंगे।

(viii) अवकाश मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी ऐसे शिक्षक के मामले में अर्जित अवकाश के समतुल्य नकद के पूर्णतः या आंशिक भुगतान को रोक सकता है, जो निलंबन के अधीन या अनुशासनिक या आपराधिक कार्यवाही लंबित होने के अधीन होने के दौरान अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवा से सेवानिवृत्त होता है, यदि ऐसे प्राधिकारी की राय में उसके विरुद्ध कार्यवाही की समाप्ति पर उससे कुछ धनराशि वसूली के योग्य होने की संभावना है। कार्यवाही की समाप्ति पर वह विश्वविद्यालय के देयों, यदि कोई हो, के समायोजन के बाद इस प्रकार रोकी गई राशि के लिए पात्र होगा।

(20) एक प्रकार के अवकाश का दूसरे प्रकार के अवकाश में परिवर्तन :

(क) शिक्षक के अनुरोध पर अवकाश संस्वीकृत करने वाला प्राधिकारी भूतलक्षी प्रभाव से एक प्रकार के अवकाश को अलग प्रकार के अवकाश जो छुट्टी मंजूर करने के समय उसे ग्राह्य और देय थी, में परिवर्तित कर सकता है, परंतु शिक्षक अधिकार के रूप में ऐसे परिवर्तन का दावा नहीं कर सकता है।

(ख) एक प्रकार के अवकाश का दूसरे प्रकार के अवकाश में परिवर्तन शिक्षक को अंतिम रूप से मंजूर किए गए अवकाश के आधार पर अवकाश वेतन के समायोजन के अधीन होगा, अर्थात यदि उसे किसी अतिरिक्त राशि का भुगतान किया गया है तो उसे वसूल किया जाएगा अथवा उसे देय किसी एरियर का उसे भुगतान किया जाएगा।

(ग) चिकित्सा प्रमाण पत्र पर या अन्यथा मंजूर किए गए असाधारण अवकाश को भूतलक्षी प्रभाव से नियम 9 (अवकाश देय नहीं) के प्रावधानों के अधीन ऐसे अवकाश में परिवर्तित किया जा सकता है जो देय नहीं है।

(21) चिकित्सा आधार पर अवकाश से वापस लौटने पर ड्यूटी फिर से कार्यभार ग्रहण करना :

(क) यदि किसी शिक्षक को चिकित्सा प्रमाण पत्र पर अवकाश मंजूर किया गया है तो उससे ऐसे ढंग से तथा ऐसे व्यक्तियों से, जो विहित हो सकता है, ड्यूटी फिर से ग्रहण करने से पूर्व स्वस्थ होने का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा होगी।

(ख) अवकाश मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक के आधार पर चिकित्सा आधार पर एक बार में अधिक से अधिक 3 दिन की अवधि के लिए अवकाश के लिए आवेदन के मामले में चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने से छूट प्रदान कर सकता है। तथापि, ऐसे अवकाश को चिकित्सा प्रमाण पत्र पर अवकाश के रूप में माना जाएगा और उसे चिकित्सा आधार पर अवकाश से भिन्न अन्य अवकाश में डेबिट किया जाएगा।

(22) अवकाश के दौरान वेतन वृद्धि :

(क) यदि आकस्मिक अवकाश या विशेष आकस्मिक अवकाश से भिन्न अवकाश के दौरान वेतन वृद्धि का समय आता है तो वेतन वृद्धि की उसकी सामान्य तिथि पर प्रतिकूल प्रभाव के बगैर कर्मचारी द्वारा ड्यूटी फिर से ग्रहण करने की तिथि से वेतन में वृद्धि को प्रभावी किया जाएगा।

(ख) किसी स्थायी कर्मचारी को तीन साल की लगातार अवधि से अधिक के लिए किसी प्रकार का अवकाश मंजूर नहीं किया जाएगा।

(ग) जब कोई कर्मचारी तीन साल की लगातार अवधि के लिए छुट्टी लेने के बाद ड्यूटी को फिर से ग्रहण नहीं करता है, या यदि कोई कर्मचारी अपने अवकाश की समाप्ति के बाद ड्यूटी से अनुपस्थित रहता है, विदेश सेवा पर होने या निलंबन के कारण अवकाश पर होने से भिन्न, ऐसी अवधि के लिए जो उसे मंजूर की गई छुट्टी की अवधि के साथ मिलकर तीन साल से अधिक है, उसके पुनर्ग्रहणाधिकार को समाप्त समझा जाएगा तथा वह विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं होगा, जब तक कि मामले की असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए कार्यकारिणी परिषद अन्यथा विनिश्चय नहीं करती है।

(23) अवकाश की समाप्ति के बाद अनुपस्थिति :

(क) जब तक अवकाश मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी अवकाश की अवधि नहीं बढ़ाता है, विश्वविद्यालय का कोई भी कर्मचारी जो अवकाश की समाप्ति के बाद अनुपस्थित रहता है, ऐसी अनुपस्थिति की अवधि के लिए अवकाश वेतन प्राप्त करने का हकदार नहीं है तथा छुट्टी के उसके खाते से ऐसी अवधि इस तरह काटी जाएगी जैसे कि यह अर्ध वेतन छुट्टी हो, तथा उस हद तक काटी जाएगी जिस हद तक छुट्टी देय होगी, ऐसी छुट्टी से अधिक अवधि जो देय है, को असाधारण छुट्टी के रूप में लिया जाएगा।

(ख) आकस्मिक अवकाश तथा प्रतिपूरक अवकाश को छोड़कर प्रत्येक शिक्षक की सभी छुट्टियों का खाता रजिस्ट्रार कार्यालय में रखा जाएगा।

(ग) किसी शिक्षक को संस्वीकृत अर्जित अवकाश/अर्ध वेतन अवकाश के आदेश में इसके पश्चात उसके खाते में जमा ऐसी छुट्टी को दर्शाया जाएगा।

(24) अवकाश वेतन :

(क) इन नियमों में जो अन्यथा प्रावधान हैं उनको छोड़कर, अर्जित अवकाश पर शिक्षक छुट्टी पर जाने से ठीक पूर्व आहरित वेतन के समतुल्य अवकाश वेतन प्राप्त करने का हकदार है।

(ख) जो शिक्षक अर्ध वेतन अवकाश या 'छुट्टी देय नहीं है' पर है वह उप नियम (1) में निर्धारित राशि की आधी राशि के बराबर अवकाश वेतन का हकदार होगा।

(ग) जो शिक्षक परिवर्तित अवकाश पर है वह उप नियम (1) के तहत ग्राह्य राशि के समतुल्य अवकाश वेतन का हकदार है।

(घ) जो शिक्षक असाधारण अवकाश पर है वह किसी अवकाश वेतन का हकदार नहीं है।

(ङ.) यदि किसी शिक्षक को यथास्थिति सेवानिवृत्ति के बाद या सेवा छोड़ने के बाद अवकाश मंजूर किया जाता है तो वह ऐसे अवकाश के दौरान एकबारगी निस्तारण के रूप में ऐसे अवकाश की संपूर्ण अवधि के लिए नियमों के तहत यथाग्राह्य अवकाश वेतन एकमुश्त प्राप्त करने का हकदार होगा, जिससे पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के समतुल्य पेंशन की राशि घटाई जाएगी।

IndiaCode

(च) जहां ऐसे शिक्षक को ऐसी अवधि के दौरान फिर से नियुक्त किया जाता है, अवकाश वेतन अर्ध वेतन अवकाश पर होने के दौरान ग्राह्य अवकाश की राशि तक सीमित किया जाएगा तथा इससे पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के समतुल्य पेंशन की राशि भी घटाई जाएगी। परंतु यह कि यह शिक्षक पर निर्भर होगा कि वह अवकाश का लाभ न उठाकर पूर्ण पेंशन का लाभ उठाए।

25) अवकाश वेतन का अग्रिम :

(क) कम से कम 30 दिन के अवकाश पर जाने वाले किसी शिक्षक को ग्राह्य अवकाश वेतन के बदले में अग्रिम के तहत भत्ते शामिल होंगे तथा यह आयकर, भविष्य निधि, मकान किराया की वसूली के मद में कटौती के अधीन होगा।

(ख) यदि किसी शिक्षक की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो अवकाश वेतन जिसे मृत कर्मचारी ने प्राप्त किया होता, के समतुल्य नकद, यदि वह अर्जित अवकाश पर गया होता, परंतु मृत्यु के कारण ऐसा न कर सका, मृत्यु की तिथि के ठीक बाद तिथि को देय एवं ग्राह्य, का भुगतान उसके परिवार को किया जाएगा जो अधिकतम 300 दिन के लिए अवकाश वेतन के अधीन होगा। इसके अलावा ऐसा नकद समतुल्य मृत्यु सह सेवानिवृत्ति के समतुल्य पेंशन, उपदान की मद में कटौती के अधीन नहीं होगा।

(ग) संपूर्ण सेवा के दौरान अधिकतम 180 दिन तक अर्ध वेतन अवकाश को परिवर्तित करने की अनुमति होगी जहां ऐसे अवकाश का प्रयोग अध्ययन के किसी अनुमोदित पाठ्यक्रम अर्थात ऐसे पाठ्यक्रम के लिए किया जाता है जो अवकाश संस्वीकृत करने वाले प्राधिकारी द्वारा जनहित में होने के रूप में प्रमाणित किया जाता है।

(26) परिवीक्षा पर नियुक्त शिक्षक :

(क) किसी मूल रिक्ति के प्रति तथा परिवीक्षा की निश्चित शर्तों के साथ प्रोबेशनर के रूप में नियुक्त शिक्षक को परिवीक्षा की अवधि के दौरान ऐसी छुट्टी मंजूर की जाएगी जो उसे ग्राह्य होगी यदि वह अपने पद को परिवीक्षा से भिन्न वास्तविक रूप से धारित करता।

(ख) यदि किसी कारण से किसी प्रोबेशनर की सेवाएं समाप्त करने का प्रस्ताव किया जाता है, तो उसे मंजूर की गई किसी छुट्टी की अवधि उस तिथि से अधिक नहीं होनी चाहिए जब परिवीक्षा की अवधि समाप्त होती है अथवा ऐसी किसी पिछली तिथि से अधिक नहीं होनी चाहिए जब उसकी सेवाएं कार्यकारिणी परिषद के आदेशों द्वारा समाप्त की जाती है।

(ग) दूसरी ओर, किसी पद के लिए उसकी उपयुक्तता का आकलन करने के लिए पद जो वास्तविक रूप से रिक्त नहीं है, पर परिवीक्षा पर नियुक्त शिक्षक को छुट्टी मंजूर करने के प्रयोजनों के लिए उसे अस्थायी शिक्षक माना जाएगा, जब तक कि वास्तविक रूप से उसे स्थायी नहीं किया जाता है।

(घ) यदि विश्वविद्यालय की स्थायी सेवा में काम करने वाले किसी व्यक्ति को किसी उच्च पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाता है, तो परिवीक्षा के दौरान वह अपने स्थायी पद पर लागू अवकाश के नियमों के लाभों से वंचित नहीं होगा।

(27) अस्थायी शिक्षक :

(क) विश्वविद्यालय में अस्थायी आधार पर नियुक्त शिक्षक छुट्टी और वार्षिक वेतन वृद्धियों के उन्हीं विशेषाधिकारों के हकदार हैं जो स्थायी शिक्षकों को प्रदान किए गए हैं।

अनुबंध–I

रजिस्ट्रार का कार्यालय

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

अध्ययन अवकाश के लिए बांड का फार्म

10 रुपए के मूल्य के गैर न्यायिक स्टांप पेपर पर हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा भरे जाने वाले बांड का फार्म (स्टांप अधिनियम के अनुसार, यदि बांड का मूल्य 1000 रुपए है तो स्टांप का मूल्य केवल 10 रुपए होगा परंतु यदि उसका मूल्य इससे अधिक हो तो 1000 रुपए से प्रत्येक 500 रुपए अधिक के लिए 5 रुपए का स्टांप)।

यह बांड .....(तारीख).....(माह) 20.....(वर्ष) को श्री/श्रीमती/कुमारी ..... पुत्र, पुत्री, पत्नी ..... (इसके बाद यहां आगे 'कर्मचारी' कहा गया है) द्वारा हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जो संसद के एक अधिनियम के तहत केन्द्रीय विश्वविद्यालय है (इसके बाद यहां आगे 'विश्वविद्यालय' कहा गया है) के पक्ष में भरा गया है। जबकि कर्मचारी द्वारा आवेदन किए जाने पर विश्वविद्यालय ने ..... को आयोजित अपनी बैठक में विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद द्वारा पारित संकल्प संख्या ..... के अनुसरण में ..... के प्रयोजन के लिए ..... से ..... तक की अवधि के लिए कर्मचारी को अध्ययन अवकाश मंजूर किया है; और जबकि कर्मचारी यथालागू ..... के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विहित शर्तों एवं निबंधनों पर उक्त अवकाश को स्वीकार करने के लिए राजी हुआ है, अब इसके माध्यम से कर्मचारी द्वारा निम्नानुसार अनुबंध किया जाता है :

1. यह कि अध्ययन अवकाश का उपयोग करने वाले शिक्षक यह वचन देता है कि वह कम से कम तीन साल की लगातार अवधि तक विश्वविद्यालय की सेवा करेगा/करेगी, जिसकी गणना अध्ययन अवकाश की समाप्ति के बाद ड्यूटी फिर से ग्रहण करने की तिथि से की जाएगी।

2. यह कि कर्मचारी शर्तों का विधिवत रूप से पालन करने तथा ऐसी राशि जो उक्त कर्मचारी के विश्वविद्यालय फिर से कार्यभार ग्रहण न करने या वस्तुतः अथवा कानून में आरोपित अन्य शर्तों की पूर्ति न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय को लौटाई जा सकती है, के लिए वित्त अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार अचल संपत्ति की प्रतिभूति या किसी बीमा कंपनी का विश्वस्तता बांड या किसी अनुसूचित बैंक द्वारा गारंटी प्रदान करने या दो स्थायी शिक्षकों की प्रतिभूति प्रस्तुत करने के लिए इस बांड से स्वयं को आबद्ध करता है।

3. यह कि कर्मचारी, जिसे पूर्ण वेतन, अर्ध वेतन या वेतन के बगैर अध्ययन अवकाश मंजूर किया जाता है, अध्ययन अवधि के अंदर अथवा 5 साल की अधिकतम अवधि में अपना अध्ययन पूरा करने में असफल रहता है या अपने अध्ययन अवकाश की समाप्ति पर हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की सेवा को फिर से कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहता है या फिर से सेवा कार्यभार ग्रहण करने के बाद सेवा की निर्धारित अवधि पूरी करने में असफल रहता है, जिसे उसने उपबंध 1 के अनुसार पूरा करने के लिए अनुबंध किया है अथवा उसे उक्त अवधि के अंदर विश्वविद्यालय द्वारा सेवा से बर्खास्त कर दिया जाता है या हटा दिया जाता है, तो उक्त कर्मचारी इसके द्वारा विश्वविद्यालय को अवकाश वेतन एवं भत्तों की राशि तथा उस पर किए गए अन्य व्यय या उसके अध्ययन पाठ्यक्रम या अनुसंधान के सिलसिले में अन्यों को उसकी ओर से भुगतान की गई राशि को ब्याज के साथ या ऐसे अनुपात के साथ, जिसे कार्यकारिणी परिषद अपने विवेक के अनुसार समय समय पर निर्धारित कर सकती है, लौटाने के लिए अपने उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रतिनिधियों या वारिसों को आबद्ध करता है।

4. यदि कर्मचारी को आवेदित समय विस्तार से मना कर दिया जाता है और मूलतः संस्वीकृत अध्ययन अवकाश की समाप्ति पर वह ड्यूटी फिर से कार्यभार ग्रहण नहीं करता है/करती है, तो यह समझा जाएगा कि इस बांड के तहत विश्वविद्यालय को संदेय राशि की वसूली के प्रयोजन के लिए अपने अध्ययन अवकाश की समाप्ति पर वह हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की सेवा को फिर से कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहा है/रही है।

इसके साक्ष्य के रूप में पूर्वोक्त तिथि ..... को इस बांड पर कर्मचारियों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं।

.....

कर्मचारी

कर्मचारी का नाम : .....

पुत्र, पुत्री, पत्नी .....

निवासी .....

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अधिकारी की उपस्थिति में,

निम्नलिखित की उपस्थिति में :

.....

.....

रजिस्ट्रार,

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

(स्टांप)

गवाह :

1. नाम : .....

पुत्र, पुत्री, पत्नी .....

निवासी .....

2. नाम : .....

पुत्र, पुत्री, पत्नी .....

निवासी .....

अनुबंध –II

जमानत बांड का फार्म

इन विलेखों से सभी लोग यह जानें कि मैं, ... पुत्र, पुत्री, पत्नी ....., स्थायी निवासी ....., वर्तमान निवास स्थान ....., ... रुपए के वर्तमान वेतनमान में ..... के साथ ..... के रूप में नियुक्त (इसके बाद यहां आगे 'जमानतदार' कहा गया है) हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और जो रजिस्ट्रार के माध्यम से कार्य

IndiaCode

कर रहा है, यथानिर्दिष्ट ब्याज के साथ रजिस्ट्रार द्वारा परिगणित राशि तथा कानूनी या अन्यथा के रूप में खर्च की गई सभी लागतों तथा हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा वहन किए गए सभी व्यय की रकम से धारित हूं तथा दृढ़तापूर्वक आबद्ध हूं और मैं इसके द्वारा स्वेच्छा से और सही मायने में आज दिनांक ..... को यहां नीचे अपने हस्ताक्षर करके इन विलेखों द्वारा स्वयं को, अपने उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों और प्रतिनिधियों को दृढ़तापूर्वक आबद्ध करता हूं।

जबकि हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ..... द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या ..... दिनांक ..... के माध्यम से केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अध्यादेश ..... के अनुसार अध्ययन अवकाश के लिए उसके अनुरोध पर ..... के रूप में नियुक्त ..... पुत्र ..... निवासी ..... (इसके बाद यहां आगे विश्वविद्यालय का शिक्षक/विश्वविद्यालय कर्मचारी कहा गया है) को अध्ययन अवकाश प्रदान करने/मंजूर करने के लिए सहमत हुआ है। और जबकि विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक ने ..... को स्वयं द्वारा विधिवत रूप से निष्पादित बांड के माध्यम से वचन दिया है जो विश्वविद्यालय के अध्यादेश ..... में शामिल शर्तों का समुचित रूप से पालन करने के लिए उसे आबद्ध करता है।

और जबकि विश्वविद्यालय के शिक्षक/कर्मचारी को अध्ययन अवकाश मंजूर करने/प्रदान करने के लिए सहमत होने हेतु हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की शर्त के रूप में इसमें उल्लिखित जमानतदार ऐसी शर्तों जो यहां नीचे लिखी गई हैं, के साथ यह बांड भरने के लिए राजी हुआ है/सहमति प्रदान की है :

इसमें उल्लिखित जमानतदार को इस बांड की देयताओं से बरी समझा जाएगा यदि हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का शिक्षक/कर्मचारी ..... को उसके द्वारा भरे गए बांड की शर्तों एवं निबंधनों के उल्लंघन में या अध्यादेश ..... की अपेक्षाओं को पूरा न करने पर विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक/कर्मचारी द्वारा की गई किसी चूक के लिए हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या उसकी ओर से अधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा गणना के अनुसार ऐसी सभी रकम (जिसमें कानूनी या अन्यथा लागतें, लिपिक प्रभार तथा व्यय शामिल हैं) का भुगतान करता है।

हालाँकि यदि विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक/कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है या दिवालिया हो जाता है या किसी समय हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की सेवा से उसकी सेवाएं समाप्त हो जाती हैं अथवा किसी भी कारण से, विश्वविद्यालय द्वारा उस पर थोपी गई देयता पूर्णतः या आंशिक रूप में (यथास्थिति) अदत्त/असंतुष्ट बनी रहती है तो इस बांड की वजह से वह रकम एक किश्त में इसमें उल्लिखित जमानत द्वारा हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को तुरंत संदेय और देय हो जाएगी। इसमें उल्लिखित जमानतदार की जानकारी में या जानकारी के बगैर विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक/कर्मचारी को मंजूर किए गए अध्ययन अवकाश की अवधि बढ़ाए जाने से इसमें उल्लिखित जमानतदार द्वारा वचनबद्ध देयता न तो समाप्त होगी और न ही किसी रूप में प्रभावित होगी।

आज दिनांक .....(तारीख).....(माह) 20.....(वर्ष) को जमानतदार द्वारा इस पर हस्ताक्षर किए गए हैं

(.....)

जमानतदार के हस्ताक्षर

पदनाम एवं मुहर

की उपस्थिति में :

1.....

2.....

(गवाहों के नाम एवं पदनाम)

अनुबंध – III

जमानत बांड का फार्म

इन विलेखों से सभी लोग यह जानें कि मैं, ... पुत्र ....., स्थायी निवासी मकान नंबर ....., गली का नाम और नंबर ....., ... के रूप में नियुक्त/स्वरोजगार प्राप्त, जिसका आय कर प्राधिकरण के साथ स्थायी खाता संख्या ..... है (इसके बाद यहां आगे 'जमानतदार' कहा गया है) यथानिर्दिष्ट ब्याज के साथ हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और जो रजिस्ट्रार के माध्यम से कार्य कर रहा है, यथानिर्दिष्ट ब्याज के साथ रजिस्ट्रार द्वारा परिगणित राशि तथा कानूनी या अन्यथा के रूप में खर्च की गई सभी लागतों तथा हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा वहन किए गए सभी व्यय की रकम धारित हूं तथा दृढ़तापूर्वक आबद्ध हूं और मैं इसके द्वारा स्वेच्छा से और सही मायने में आज दिनांक ..... को यहां नीचे अपने हस्ताक्षर करके इन विलेखों द्वारा स्वयं को, अपने उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों और प्रतिनिधियों को दृढ़तापूर्वक आबद्ध करता हूं।

जबकि हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ..... के रूप में नियुक्त ..... पुत्र ..... निवासी ..... (इसके बाद यहां आगे विश्वविद्यालय का शिक्षक/विश्वविद्यालय का कर्मचारी कहा गया है) को ..... द्वारा जारी किए गए कार्यालय आदेश संख्या ..... दिनांक ..... के माध्यम से

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अध्यादेश ..... के अनुसार अध्ययन अवकाश के लिए उसके अनुरोध पर अध्ययन अवकाश मंजूर करने/प्रदान करने के लिए सहमत हुआ है।

और जबकि विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक ने ..... को स्वयं द्वारा विधिवत रूप से निष्पादित बांड के माध्यम से वचन दिया है जो विश्वविद्यालय के अध्यादेश ..... में शामिल शर्तों का समुचित रूप से पालन करने के लिए उसे आबद्ध करता है। और जबकि मैं अचल संपत्ति/संपत्तियों का सही एवं विधिसम्मत स्वामी हूं, जिसका ब्यौरा यहां नीचे प्रदान किया गया है :

क्रम सं.	संपत्ति का विवरण	कहां स्थित है	क्षेत्रफल	अनुमानित मूल्य–निर्धारण
1				
2				
3				

(हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी के अनुशीलन एवं संतुष्टि के लिए इसके साथ उक्त संपत्ति/संपत्तियों के संगत दस्तावेजों की सही प्रतियां संलग्न हैं)

और जबकि विश्वविद्यालय के शिक्षक/कर्मचारी को अध्ययन अवकाश मंजूर करने/प्रदान करने के लिए सहमत होने हेतु हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की शर्त के रूप में इसमें उल्लिखित जमानतदार ऐसी शर्तों जो यहां नीचे लिखी गई हैं, के साथ यह बांड भरने के लिए राजी हुआ है/सहमति प्रदान की है :

(i) इसमें उल्लिखित जमानतदार को इस बांड की देयताओं से बरी समझा जाएगा यदि हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का शिक्षक/कर्मचारी ..... को उसके द्वारा भरे गए बांड की शर्तों एवं निबंधनों के उल्लंघन में या अध्यादेश ..... की अपेक्षाओं को पूरा न करने पर विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक/कर्मचारी द्वारा की गई किसी चूक के लिए हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या उसकी ओर से अधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा गणना के अनुसार ऐसी सभी रकम (जिसमें कानूनी या अन्यथा लागतें, लिपिक प्रभार तथा व्यय शामिल हैं) का भुगतान करता है।

(ii) हालाँकि यदि विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक/कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है या दिवालिया हो जाता है या किसी समय हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की सेवा से उसकी सेवाएं समाप्त हो जाती हैं अथवा किसी भी कारण से, विश्वविद्यालय द्वारा उस पर थोपी गई देयता पूर्णतः या आंशिक रूप में (यथास्थिति) अदत्त/असंतुष्ट बनी रहती है तो इस बांड की वजह से वह रकम एक किश्त में इसमें उल्लिखित जमानत द्वारा हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को तुरंत संदेय और देय हो जाएगी।

(iii) इसमें उल्लिखित जमानतदार की जानकारी में या जानकारी के बगैर विश्वविद्यालय के उक्त शिक्षक/कर्मचारी को मंजूर किए गए अध्ययन अवकाश की अवधि बढ़ाए जाने से इसमें उल्लिखित जमानतदार द्वारा वचनबद्ध देयता न तो समाप्त होगी और न ही किसी रूप में प्रभावित होगी।

आज दिनांक ..... को जमानतदार द्वारा इस पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(.....)

जमानतदार के हस्ताक्षर

पदनाम एवं मुहर

निम्नलिखित की उपस्थिति में :

.....

.....

(गवाहों के नाम एवं पदनाम)

(जमानतदार का शपथपत्र)

शपथपत्र

मैं, ... पुत्र ....., निवासी ....., इसके द्वारा दृढ़ता के साथ सत्यनिष्ठापूर्वक अभिपुष्टि करता हूं और घोषणा करता हूं :

यह कि मैं निम्नलिखित अचल संपत्ति/संपत्तियों का सही एवं विधिसम्मत स्वामी हूं :

क्रम सं.	संपत्ति का विवरण	कहां स्थित है	क्षेत्रफल	अनुमानित मूल्य–निर्धारण
1				
2				
3				

मैं शपथपूर्वक यह कहता हूं कि उक्त संपत्तियां किसी के भी पक्ष में बेची, अंतरित या आवंटित नहीं की गई हैं तथा इनका एक अच्छा विपणेय स्वत्व है।

यह कि जमानत बांड दिनांक ..... के माध्यम से हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय से स्वयं को आबद्ध करते हुए मैंने जमानत दी है और मैं दृढ़ता के साथ यह कहता हूं कि उक्त विश्वविद्यालय द्वारा मेरी जमानत के विधिवत रूप से समाप्त न होने तक मैं उक्त संपत्तियों को किसी रूप में अंतरित/आवंटित नहीं करूंगा या परित्याग नहीं करूंगा।

(अभिसाक्षी)

सत्यापन :

आज दिनांक ..... को धर्मशाला में सत्यापित किया गया कि मेरे उपर्युक्त हलफनामे की अंतर्वस्तुएं सही एवं सच्ची हैं, इसका कोई भी भाग झूठा नहीं है तथा इसमें ऐसा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है।

(अभिसाक्षी)

अध्यादेश संख्या : 16

प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा अन्य शैक्षिक कर्मचारियों के पदों पर

नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया/मानदंड

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के उपबंध 18 (4) के तहत

(1) सर्वाधिक प्रतिभावान अभ्यर्थियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय रॉलिंग विज्ञापनों की नीति अपनाएगा जिसके माध्यम से पात्र अभ्यर्थी पूरे वर्ष संकाय के विभिन्न पदों के लिए अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं और स्क्रीनिंग समिति की बैठक से कम से कम 30 दिन पूर्व प्राप्त सभी आवेदनों पर साक्षात्कार के लिए बुलाने हेतु विचार किया जाएगा।

(2) सभी को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय आवेदन करने के लिए सभी पात्र अभ्यर्थियों को कम से कम 30 दिन का समय प्रदान करते हुए अखिल भारतीय आधार पर प्रमुख राष्ट्रीय दैनिकों में सभी रिक्तियों के विज्ञापन भी छपवाएगा।

(3) विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित पदों की संख्या को अनंतिम समझा जा सकता है तथा यह कि विश्वविद्यालय को चयन तथा नियुक्ति करते समय पदों की संख्या में तद्नुसार वृद्धि/कटौती करने का अधिकार होगा।

(4) समय समय पर विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद द्वारा यथानिर्धारित मामूली कीमत के बदले में अनुरोध पर विभिन्न पदों के लिए निर्धारित आवेदन पत्र उपलब्ध होंगे। तथापि विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निर्धारित आवेदन पत्रों को निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

(5) आवेदकों से विज्ञापन की अधिसूचना में निर्धारित ढंग से, समय समय पर विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद द्वारा यथानिर्धारित मामूली आवेदन प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान करने की अपेक्षा होगी। तथापि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी के आवेदकों के लिए आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट होगी।

(6) जो आवेदक पहले से ही सेवा/रोजगार में हैं उनसे उचित माध्यम से आवेदन करने की अपेक्षा होगी। तथापि वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रति जमा कर सकते हैं। तथापि नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) तथा सत्यापन के साथ विधिवत रूप से अग्रेषित आवेदन पत्र साक्षात्कार की तिथि से कम से कम 10 दिन पहले विश्वविद्यालय पहुंच जाना चाहिए तथा ऐसा न होने पर आवेदक को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जा सकता है।

(7) आवेदकों से अपनी शैक्षिक अर्हताओं, कार्य अनुभव, अनुसंधान एवं प्रकाशन के समर्थन में सभी संगत दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित प्रतियां संलग्न करने की अपेक्षा होगी, जिसे उनसे साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए मूल रूप में प्रस्तुत करने की अपेक्षा होगी।

(8) न्यूनतम अर्हताओं के संबंध में शर्तें एवं निबंधन तथा अन्य शर्तें एवं निबंधन वही होंगे जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय समय पर निर्धारित किए जाते हैं। उपर्युक्त के अलावा संबंधित अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष तथा शैक्षणिक परिषद के परामर्श से कुलपति ऐसे विनिर्देशन या कोई अन्य शर्त निर्धारित कर सकते हैं जो भरे जाने वाले पद के लिए अपेक्षित हो सकते हैं।

1. अध्ययन पाठ्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के मानक के संबंध में समकक्षता के लिए सभी प्रस्तावों और निवेदनों पर स्कूल के अधिष्ठाता द्वारा परीक्षण किया जाएगा। अधिष्ठाता के प्रतिवेदन को परीक्षाओं/डिग्रियों संबंधी समकक्षता स्थायी समिति के समक्ष रखा जाएगा।

परीक्षाओं/उपाधियों की समकक्षता के आधार पर स्थायी समिति का संघटनः

2. परीक्षा /डिग्रियों की समकक्षता संबंधी स्थायी समिति में निम्नांकित सदस्य होंगेः

(i) कुलपति द्वारा नामित अधिष्ठाताओं में से एक अधिष्ठाता जो अध्यक्ष होगा।

(ii) स्कूल का अधिष्ठाता।

(iii) तीन वर्षों की कालावधि के लिए शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित उसके सदस्यों में से एक व्यक्ति

(iv) कुलसचिव; एवं

(v) परीक्षा नियंत्रक– सदस्य सचिव।

3. समिति के प्रकार्य इस प्रकार होंगेः

(क) अन्य विश्वविद्यालयों/ बोर्ड/संस्थानों के नए पाठ्यक्रमों/परीक्षाओं/ डिग्रियों की मान्यता के लिए प्रस्ताव पर विचार करना।

(ख) अन्य विश्वविद्यालयों /संस्थानों/व्यक्ति(यों) द्वारा प्राप्त परीक्षाओं/ डिग्रियों की मान्यता के लिए निवेदन पर विचार करना तथा शैक्षणिक परिषद को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करना।

(ग) संदर्भित मामलों पर शैक्षणिक परिषद को प्रतिवेतन/रिपोर्ट करना।

(घ) देश के अंदर और बाहर विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों की डिग्रियों, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के समकक्ष विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही डिग्रियों/डिप्लोमा और सर्टिफिकेट की मान्यता की मांग करते हुए आवेदन प्रारंभ करने के लिए प्रकरण तैयार करना।

कार्य के नियम

4. समिति के सदस्यों के 1/3 सदस्य समिति की बैठक के लिए कोरम निर्माण करेंगे।

5. समिति कार्य के नियमों की संरचना करेगी तथा शैक्षणिक समिति के विचार व अनुमोदन के लिए रूपरेखा निर्धारित करेगी। शैक्षणिक परिषद समकक्षता समिति को इनके पक्ष में उनके किसी भी अधिकार को सौप सकती है।

अध्यादेश सं. 30

शोधडिग्री कार्यक्रम के अतिरिक्त, अध्ययन कार्यक्रमों के लिए शिक्षा माध्यम, परीक्षा, मूल्यांकन एवं श्रेणी–निर्धारण प्रणाली

[केन्द्रीय विश्वविालय अधिनियम 2009 की धारा 28(1)(ख), 28(1)(ग) और 28(1)(घ) के अधीन]

शिक्षा का माध्यम और परीक्षा

1. अध्ययन स्कूल, विभाग और केंद्र द्वारा प्रस्तावित अध्ययन के सभी कायक्रमों के संदर्भ में शिक्षा का माध्यम भाषाओं में अध्ययन/ अनुसंधान के मामलों को छोड़कर अंग्रेजी होगा।

2. सभी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों तथा उत्तरपत्रिका भाषा / सहित्य में परीक्षाओं के मामले के अतिरिक्त अंग्रेजी होगा, जहां पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं के आधार पर पूर्ण रूप से अथवा हिस्सों में संदर्भित भाषाओं में प्रश्नपत्र तथा उत्तर पत्रिका लिखे जा सकते हैं।

3. परियोजना कार्य/ परियोजना प्रतिवेदन/लघुशोध प्रबंध/ क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन/ प्रशिक्षण प्रतिवेदन आदि भाषा/ साहित्य के अध्ययन के कार्यक्रमों के मामले के अतिरिक्त अंग्रेजी में लिख जायेंगे जहाँ संदर्भित भाषा में लिखने की आवश्यकता हो सकती है।

परीक्षा प्रणाली

4. विश्वविद्यालय के सभी अध्ययन कार्यक्रमों को सत्रक प्रणाली के अधीन प्रस्तावित किया जायेगा। विद्यार्थियों के परीक्षा और मूल्यांकन व्यापक निरंतर आंतरिक मूल्यांकन (सीसीआईए) के माध्यम से किये जायेंगे।

5. सामान्य सिद्धांत के रूप में, व्यापक निरंतर आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली में निम्नांकित घटकों का समावेश किया जायेगाः

5.1 निरंतर आंतरिक मूल्यांकन–25 प्रतिशत

5.2 मध्य सत्र परीक्षा–25 प्रतिशत

5.3 अंतिम सत्रक परीक्षा–50 प्रतिशत

6. विशिष्ट पाठ्यक्रम की प्रकृति और आवश्यकता के आधार पर प्रत्येक विभाग/केंद्र से संबंधित स्कूल बोर्ड द्वारा निर्धारित व्यापक निरंतर आंतरिक मूल्यांकन (सीसीआईए) की संरचना में होंगे जिसे अतिरिक्त/ विभिन्न घटकों का निर्धारण व विविध घटक के लिए भारांक देने की स्वतंत्रता होगी। अंतिम सत्रक परीक्षा का भारांक 50 प्रतिशत से कम नहीं होगा।

7. व्यापक निरंतर आंतरिक मूल्यांकन (सीसीआईएस) का विस्तृत वितरण और संघटन, सत्रक के दौरान शिक्षक द्वारा अध्यापन किए जा रहे प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक विस्तृत कोर्स रूपरेखा के अंतर्गत संबंधित शिक्षक द्वारा विशिष्टकृत किया जायेगा।

8. अपवादात्मक मामलों के अतिरिक्त मध्य–सत्र परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र 2 घंटे कालावधि के होंगे तथा उसे ऐसे सुनिश्चित किया जायेगा जिसमें निम्नांकित अनुभागों का समावेश होगा।

8.1 खंड 'क' के अंतर्गत 'बहुविकल्पी प्रश्न प्रणाली' के अंतर्गत एक(1) अंक के 25 प्रश्न होंगे। इस अनुभाग में सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे तथा इसमें परीक्षार्थी को चयन का विकल्प नहीं होगा। (कुल 25 अंक);

8.2 खंड 'ख' के अंतर्गत 5(पाँच) लघुउत्तरीय प्रश्न होंगे, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक होंगे जिसमें कोई 3 प्रश्न अनिवार्य होंगे। (कुल 15 अंक)

8.3 अनुभाग 'ग' आंतरिक चयन के साथ 10 (दस) अंक प्रत्येक के 3 (तीन) निबंध/ दीर्घोत्तरी प्रश्न होंगे (कुल अंक 30)। वैकल्पिक रूप में यदि पाठ्यक्रम की आवश्यकता हो, 20 अंकों का केस अध्ययन का समावेश होगा तथा आंतरिक चयन के साथ एक प्रश्न 10 अंकों का होगा।

9. सत्रांत परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों के अपवादात्मक मामलों के अतिरिक्त हेतु 3(तीन) घंटों की कालावधि होगी तथा उसे ऐसा सुनिश्चित किया जायेगा जिसमें निम्नांकित खंडों का समावेश किया जायेगा–

9.1 खंड 'क': 25 बहुविकल्पी प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे जिसमें प्रत्येक (एक) अंक का होगा। इस वर्ग में सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे और इस संबंध में परीक्षार्थी को कोई भी विकल्प नहीं दिया जाएगा। (कुल 25 अंक)

9.2 खंड 'ख': इसमें 5 (पाँच) अंक वाले 8 (आठ) लघु उत्तरीय प्रश्न होंगे, जिसमें से परीक्षार्थी को पाँच प्रश्नों को करना अनिवार्य होगा। (कुल 25 अंक)

9.3 वर्ग 'ग': आतंरिक विकल्प के साथ 5 (पाँच) निबंधात्मक/ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे, जिसमें से प्रत्येक 10(दस) अंक का होगा (कुल 50 अंक); वैककल्पिक रूप से यदि पाठ्यक्रम की आवश्यकता हो तो इस खण्ड में 20 अंकों का एक केस अध्ययन और 10 अंक के आतंरिक चयन वाले 3 प्रश्न शामिल हो सकते हैं।

प्रश्नपत्र निर्धारण आर मूल्यांकनः

10 व्यापक निरंतर आतंरिक मूल्यांकन (सीसीए) की समग्र रूपरेखा, जिसमें विषयवस्तु, प्रारूप, अवधि व परीक्षा एवं मूल्यांकन के विविध घटकों की रूपरेखा 'स्कूल बोर्ड' द्वारा तय की जाएगी।

11. स्कूल बोर्ड द्वारा निर्धारित परीक्षा और मूल्यांकन के समग्र ढ़ाँचे के भीतर विषयवस्तु प्रारूप, सीसीए के विभिन्य घटकों की अवधि संबंधित विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा तय की जाएगी और प्रत्येक पाठ्यक्रम की शुरूआत में विस्तृत पाठ्यक्रम की रूपरेखा छात्रों को सूचित किया जायेगा।

12. चूँकि विश्वविद्यालय 'विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली' (सीबीसीएस) और सीसीए का पालन करता है, अतः किसी पाठ्यक्रम की परीक्षा के प्रश्नपत्र संकाय सदस्य द्वारा निर्धारित किये जायेंगे जो पाठ्यक्रम को पढ़ा रहा है और वही उसका मूल्यांकनकर्ता भी होगा।

13. किसी पाठ्यक्रम में मौखिक और प्रयोगात्मक इत्यादि परीक्षाओं के मामले में, विभाग/ केंद्र द्वारा निर्धारित विभाग प्रमुख/ उनके द्वारा निर्धारित नामंकित व्यक्ति संबंधित संकाय सदस्य तथा संबंधित स्कूल के अधिष्ठाता द्वारा नियुक्त किए गए बाहरी विशेषज्ञ द्वारा मूल्याकंन किया जायेगा।

14. परियोजना कार्य/ परियोजना प्रतिवेदन/ लघु शोध निबंध/ क्षेत्र कार्य रिपोर्ट/ प्रशिक्षण प्रतिवेदन आदि का मूल्याकंन, संबंधित स्कूल के अधिष्ठाता द्वारा नियुक्त किये गये बाह्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा किया जायेगा। परंतु यह भी कि, जो परियोजना कार्य/परियोजना प्रतिवेदन/ लघु शोध निबंध/ क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन/ प्रशिक्षण रिपोर्ट आदि पर आधारित मौखिक परीक्षा होंगे, उनका मूल्यांकन समिति एक समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें सबंधित सलाहकार, बाह्य मूल्यांकनकर्ता और अधिष्ठाता या उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति होंगे।

प्रश्नपत्र निर्धारण हेतु दिशा–निर्देश

15. मध्य सत्रक सेमेस्टर परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र, सत्रक के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम की विषयसूची के कम–से–कम 50 प्रतिशत पर आधारित होंगे।

16. अंतिम सत्र की परीक्षा के प्रश्नपत्र, सत्रक के लिए निर्धारित सम्पूर्ण पाठ्यक्रम सामग्री पर आधारित होंगे।

17. मध्य सत्र और अंतिम सत्र की परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों को इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा, जिसमें सीमित आतंरिक विकल्पों सहित, सम्पूर्ण पाठ्यक्रम सम्मिलित हो ताकि विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण रूप से अध्ययन करना अनिवार्य किया जाए और उन्हें चयनित अध्ययन को करने से रोका जाए।

18. मध्य सत्र और अंतिम सत्र की परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों को इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा, जिसमें सीमित आतंरिक विकल्पों सहित, सम्पूर्ण पाठ्यक्रम सम्मिलित हों ताकि विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण रूप से अध्ययन करना अनिवार्य किया जाए और उन्हें चयनित अध्ययन को करने से रोका जाए।

19. प्रश्नपत्र तैयार करने वाले, मध्य सत्र परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र को निर्धारित प्रारूप के अन्तर्गत बनायेंगे और पर्याप्त मात्रा में प्रतियां/मुद्रित करने की व्यवस्था करेगा जो कि मध्य सत्र परीक्षा के प्रारंभ से कम–से–कम 10 दिन पूर्व विभाग प्रमुख/ केंद्र निदेशक को गोपनीय रूप सें चिह्नित करके सीलबंद लिफाफे में जमा किये जायेंगे।

20. प्रत्येक प्रश्नपत्र तैयार करने वाला उसके द्वारा बनाये गये प्रश्नपत्र की गुप्तता और गोपनीयता को सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेदार होगा।

21. मध्य सत्र की परीक्षा के लिए विभाग के प्रमुख/केंद्र के निदेशक प्रश्नपत्र तैयार करने वाले से प्राप्त प्रश्नपत्रों को सुरक्षित संरक्षण में रखेंगे (परीक्षा की तिथि तक) और परीक्षा की तिथि को उसे संबंधित निरीक्षक को जारी करने की व्यवस्था करेंगे।

22. अंतिम सत्र की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र निर्धारक निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रश्नपत्र बनायेंगे/ और अंतिम सत्र की परीक्षा शुरू होने के कम से कम 15 दिन पूर्व, उसे सीलबंद लिफाफे में गोपनीय रूप से चिह्नित करके परीक्षा नियत्रंक को जमा करेंगे।

23. प्रत्येक प्रश्नपत्र तैयार करने वाले को विभाग प्रमुख/संबंधित केंद्र के निदेशक को एक अलग से मोहरबंद लिफाफे में विविध विकल्प वाले प्रश्नों के उत्तर और लघु उत्तरीय प्रश्नों तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के संक्षिप्त जवाब, प्रश्नपत्रों सहित जमा करने होंगे। इन्हें विभाग प्रमुख/केंद्र के निदेशक द्वारा सुरक्षित कब्जे में बंद रखा जायेगा।

24. केंद्र/विभाग की पाठ्य समिति की बैठक में प्रश्नपत्र निर्धारकों द्वारा बनाए गए प्रश्नपत्रों की समीक्षा परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद में की जायेगी और विभाग प्रमुख/केंद्र निदेशक द्वारा भविष्य में सुधार हेतु टिप्पणियां और प्रतिपुष्टि संबंधी जानकारी प्रश्नपत्र तैयार करने वालों को दी जायेंगी।

मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश:

25. संबंधित संकाय सदस्यों के लिए यह अपरिहार्य कर्तव्य होगा कि –

(क) सभी दत्त कार्यों, प्रश्नों एवं मध्य सत्र परीक्षा की उत्तर लिपियों का मूल्यांकन करें और इन्हें ऐसी परीक्षा की तिथि के एक सप्ताह के भीतर विद्यार्थियों को वापिस करें।

(ख) छात्रों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों को बताए, समझाएं और उन्हें दिये गये अकों/श्रेणी के बारे में उन्हें संतुष्ट करें

(ग) केन्द्र/विभाग के सूचना–पटल पर प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों/श्रेणी को दर्शाए

(घ) छात्रों को दिये गये अंकों को विभाग प्रमुख/संबंधित केंद्र निदेशक को प्रस्तुत करें।

26. प्रत्येक परीक्षक को परीक्षा की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर अंतिम सत्र की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकों का मूल्यांकन करना होगा और उसे परीक्षा नियंत्रक को अवार्ड सूची के साथ मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों को वापिस करना होगा।

27. विभाग प्रमुख/संबंधित विभाग के निदेशक को परीक्षा नियंत्रक को विद्यार्थियों द्वारा निरंतर आतंरिक आकलन और विभाग द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम की मध्य सत्र परीक्षा में प्राप्त अंकों/श्रेणी की समेकित अवार्ड सूची देनी होगी।

उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्याकंन :

28. एक छात्र परीक्षा परिणामों की घोषणा के सात कार्यकारी दिनों के भीतर परीक्षा नियत्रंक को निर्धारित शुल्क के साथ उसकी उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन हेतु निर्धारित फॉर्म में आवेदन कर सकता है।

29. उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन, विभाग प्रमुख/ केंद्र निदेशक की सिफारिश पर परीक्षा नियत्रंक द्वारा नियुक्त किये गये एक स्वतंत्र विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा। उत्तर पुस्तिका को प्रश्नपत्र निर्धारक द्वारा जमा कराई गई बहुविकल्पी चयन प्रश्नों की कुंजी और लघु उत्तरीय प्रश्नों तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तरों के संदर्भ में पुनर्मूल्यांकित किया जायेगा; और स्वतंत्र विशेषज्ञ द्वारा दिये गये अंको/ श्रेणी को अंतिम रूप में स्वीकार किया जायेगा।

परीक्षा का संचालन

30. विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाओं (विविध अध्ययन कार्यक्रम में प्रवेश परीक्षा को छोड़कर) को विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित किया जायेगा।

31. मध्य–सत्र और अंतिम सत्र की परीक्षा के लिए तिथि पत्रक को परीक्षा प्रारंभ होने के कम सेकम 15 दिन पूर्व विभाग प्रमुख/केंद्र निदेशक/स्कूल के अधिष्ठाता के परामर्श से परीक्षा नियत्रंक द्वारा अधिसूचित किया जायेगा।

32. मध्य अवधि और अंतिम सत्र की परीक्षाओं को विभाग प्रमुख के सामान्य पर्यवेक्षण के अंतर्गत आयोजित किया जायेगा, जो कि उसके विभाग के पाठ्क्रमों की सभी परीक्षाओं के केंद्र अधीक्षक के रूप में कार्य करेगा। वही विभाग के सदस्यों के बीच से परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था करेगा और परीक्षा के निष्पक्ष और व्यवस्थित संचालन के लिए जिम्मेदार होगा।

परीक्षा में अनुशासनहीनता और अनुचित साधन:

33. परीक्षा के संदर्भ में अनुचित साधनों और अनुचित व्यवहार के प्रति शून्य सहनशीलता होगी और प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा देते समय दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा। इस तरह के निर्देशों का पालन न करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

34. अनुचित साधनों का प्रयोग कड़ाई से निषिद्ध है और किसी भी परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित का अर्थ अनुचित साधनों का प्रयोग और अनुचित व्यवहार होगा और इसमें शामिल होगा:

34.1 परीक्षा की तिथियों और समय के स्थगन हेतु जबरन और अनुचित प्रभाव का प्रयोग करना।

34.2 निरीक्षक को धमकाना या अन्य कोई अवज्ञापूर्ण व्यवहार करना जैसा कि केन्द्र अधीक्षक/ निरीक्षक के द्वारा रिपोर्ट की गई हो।

34.3 परीक्षकों, प्रश्न–पत्र निर्धारकों, मूल्यांकनकर्ताओं, निरीक्षकों, सह–परीक्षार्थियों और विश्वविद्यालय के किसी अन्य अधिकारी अथवा स्टाफ से कृपा प्राप्त करना और/या धमकाना।

34.4 इस तरह के व्यवहार का सहारा लेना और उन गतिविधियों में संलग्न होना जो परीक्षाकाल के दौरान निषिद्ध है।

34.5 परीक्षा के विषय से संबंधित किसी भी प्रकार की सामग्री सहित मोबाइल/सेलफोन/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कब्जे में रखना जब तक परीक्षा के घटकों के रूप में रखने की अनुमति न हो और/या अपने पास रखी सामग्री या परीक्षा हाल के अन्दर या बाहर के किसी व्यक्ति की मदद से नकल का प्रयास करना।

34.6 लेखों (नोट्स) का आदान–प्रदान, उत्तर–पुस्तिकाओं की अदला–बदली, दूसरे परीक्षार्थी की मदद करना, दूसरे परीक्षार्थी या परीक्षा भवन के अन्दर अथवा बाहर के किसी व्यक्ति से मदद मांगना या सलाह करना।

34.7 उत्तर पुस्तिका में किसी दूसरे अभ्यर्थी की पंजीकरण संख्या/रोल नंबर को लिखना और/या उत्तर–पुस्तिका या अन्य किसी सामग्री का परीक्षा काल के समय अदला–बदली करने सहित। प्रतिरूपण का प्रयास साथ में करना।

34.8 निरीक्षक की अनुमति के बगैर परीक्षाकाल के दौरान अभ्यर्थी को आवंटित स्थान के अलावा अन्य स्थानों पर बैठना या स्थान बदलना।

34.9 परीक्षा के दौरान परीक्षा का बहिष्कार करना/त्याग करना या अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी पैदा करना।

34.10 किसी भी या सभी परीक्षाओं के अनुचित साधन के संदर्भ में कार्यकारिणी परिषद द्वारा घोषित की जाने वाली कोई चूक या अपराध का कोई अन्य कार्य।

35. परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों, अनुशासनहीनता और गड़बड़ी को निरीक्षक द्वारा लिखित रूप में केंद्र अधीक्षक को सूचित किया जाएगा।

36. केंद्र अधीक्षक परीक्षा नियंत्रक को प्रत्येक ऐसे मामले में जिस परीक्षा में अनुचित साधनों का कथित तौर पर प्रयोग किया गया हो, को बगैर किसी विलंब के परीक्षा नियत्रंक द्वारा इस उद्देश्य हेतु दिये गये फॉर्म पर संबंधित अभ्यर्थी का यदि कोई बयान हो के साथ समर्थन में साक्ष्य के पूर्ण विवरण सहित परीक्षा नियंत्रक को प्रस्तुत करेगा।

37. किसी मामले में यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता हुआ पायें जाने पर, दिये गये बयान को स्वीकार करने और हस्ताक्षर करने से मना करता है तो घटना को निरीक्षक द्वारा रिकार्ड किया जायेगा तथा केंद्र अधीक्षक द्वारा उसे प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

38. परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार की उत्तर पुस्तिका जब्त कर ली जायेगी और अभ्यर्थी को उसकी परीक्षा हेतु एक अलग उत्तर–पुस्तिका की अनुमति दी जा सकती है। केंद्र अधीक्षक, परीक्षा नियत्रंक को उसकी रिपोर्ट सहित दोनों उत्तर पुस्तिकाएं भेजेंगे।

39. परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग वाले सभी व्यक्तिगत मामलों की रिपोर्ट को परीक्षा अनुशासन समिति को भेजा जायेगा बशर्ते कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर सभी अनुचित साधनों के प्रयोग वाले मामलों में कुलपति को उस संबंधित केंद्र के सभी अभ्यार्थियों की परीक्षा को रद्द करने की और फिर से परीक्षा लेने तथा सभी संबंधित लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश देने का अधिकार होगा।

परीक्षा अनुशासन समिति –

40. परीक्षा अनुशासन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे:

40.1 अधिष्ठाता, छात्र कल्याण जो कि अध्यक्ष होंगे।

40.2 कुलानुशासक।

40.3 कुलपति द्वारा नामांकित चार संकाय सदस्य।

40.4 परीक्षा– नियत्रंक जो सदस्य–सचिव होंगे।

41. पदेन सदस्यों के अलावा, परीक्षा अनुशासन समिति के सदस्यों का कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से तीन (3) वर्ष तक का होगा और तीन 'सदस्य कोरम' का निर्माण करेंगे।

42. रिपोर्ट किए गए अनुचित साधनों वाले मामलों पर विचार करते समय परीक्षा अनुशासन समिति की बैठकों में संबंधित केंद्र अधीक्षक विशेष सदस्य रूप से आमंत्रित किये जायेंगे।

43. अनुचित साधनों के प्रयोग हेतु उसकी सीमा और गंभीरता के आधार पर दंड हो सकता है।

43.1 लिखित माफ़ी और अच्छे व्यवहार तथा आचरण के लिए वचनबंध प्राप्त करना।

43.2 उस परीक्षा में अंक/श्रेणी को कम करना, जिसमें अनुचित साधन का प्रयोग किया गया।

43.3 सत्रक की सभी परीक्षाओं में अंकों/श्रेणी को कम करना।

43.4 परीक्षा विशेष में अभ्यर्थी को आई (I) ग्रेड/'एफ (F)' देना, जिसके लिए अनुचित साधनों का प्रयोग किया था।

43.5 इस सत्रक के दौरान अभ्यर्थी द्वारा दी गई सभी परीक्षाओं में आई (I) ग्रेड/'एफ (F)' प्रदान करना।

43.6 विश्वविद्यालय की परीक्षा में कुछ निश्चित सत्रकों में सम्मिलित होने पर रोक लगाना।

43.7 विश्वविद्यालय से प्रवेश रद्द करना।

43.8 विश्वविद्यालय से निष्कासित करना और कुछ निश्चित अवधि के लिए छात्र को विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने से रोकना ।

43.9 विश्वविद्यालय से निष्कासन और विश्वविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम सदैव के लिए छात्र को प्रवेश लेने से रोकना।

44. परीक्षा अनुशासन समिति, परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करने के लिए दोषी पाए गए परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग के अपराध की प्रकृति और सीमा के अनुसार दण्ड को तय करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि दण्ड अपराध के अनुपात में और प्राकृतिक न्याय के अनुरूप हों।

45. समिति द्वारा लिये गये सभी निर्णयों को मंजूरी के लिए कुलपति के समक्ष रखा जायेगा।

46. परीक्षा अनुशासन समिति द्वारा,परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए किसी अभ्यर्थी के दोषी पाये जाने पर, वह विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के प्राप्त होने के एक महीने के अन्दर कुलपति को लिखित रूप में अपील कर सकता है; और यदि कुलपति सतुंष्ट होते हैं कि अभ्यावेदन विचारयोग्य है तो वह परीक्षा अनुशासन समिति के समक्ष मामले को वापिस पुनर्विचार हेतु रख सकते हैं।

प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा के संचालन हेतु विशिष्ट प्रावधान

47. विश्वविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए क्रमशः हायर एजुकेशन एडमिशन टेस्ट (हीट), फर्दर एजुकेशन एडमिशन टेस्ट (फीट) और द रिसर्च एन्ड्रैंस ऐप्टीट्यूड टेस्ट (ट्रीट) नामों से सामान्य प्रवेश परीक्षा का संचालन करेगा;

48. सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न–पत्र निर्धारकों की नियुक्ति कुलपति द्वारा किया जाएगा।

49. सामान्य प्रवेश परीक्षा के संपूर्ण प्रशासन, संचालन, पर्यवेक्षण और नियंत्रण की जिम्मेवारी परीक्षा नियंत्रक की होगी, जो कुलपति के अनुमोदन से निम्नलिखित करेगाः

49.1 कुलपति द्वारा नियुक्ति प्रश्न–पत्र निर्धारकों से सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न–पत्रों को प्राप्त करना।

49.2 सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न–पत्रों की गोपनीय आधार पर प्रिंटिंग।

49.3 प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों के लिए केन्द्र अधीक्षकों की नियुक्ति।

49.4 सभी परीक्षा केन्द्र में सामान्य प्रवेश परीक्षा का सुचारू संचालन और सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण।

49.5 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन और मेरिट सूची को तैयार करना।

50. परीक्षा नियंत्रक की अनुपस्थिति में अथवा यदि परिस्थितियों के कारण आवश्यक हो, कुलपति द्वारा सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए समन्वयक की नियुक्ति की जा सकती है जो इससे पूर्ववर्ती अंश में उल्लिखित कार्यों का निष्पादन करेगा।

51. सामान्य प्रवेश परीक्षा शैक्षणिक परिषद में यथानुमोदित और विश्वविद्यालय में अधिसूचित नामोदिदष्ट परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा।

52. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र एक केन्द्र अधीक्षक के प्रभार के अंदर होगा, जो सामान्य प्रवेश परीक्षा का सुचारू और निष्पक्ष संचालन करेगा।

53. प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थी केन्द्र अधीक्षक के अनुशासनात्मक नियंत्रण के अंतर्गत होंगे जिनका परीक्षा के संचालन के संबंध में अनुदेश अंतिम और बाध्यकारी होगा। यदि कोई अभ्यर्थी केन्द्र अधीक्षक/पर्यवेक्षक स्टाफ/निरीक्षक/कोई अन्य स्टाफ/अन्य परीक्षार्थियों के अनुदेशों की अवज्ञा करता है और अथवा दुर्व्यवहार करता है, वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकता है।

54. इन अध्यादेशों में किसी उपबंध के बावजूद, वैसे सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा, जो प्रवेश परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये जाते हैं, को रद्द कर दिया जाएगा और इसके फलस्वरूप उसके/उसकी उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन और मेरिट सूची को तैयार करने में विचार नहीं किया जाएगा।

ग्रेडिंग प्रणालीः

55. विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए अक, ग्रेड पाइंट, लेटर ग्रेड और श्रेणी के संदर्भ में छः (6) पॉइंट स्केल पर आधारित ग्रेडिंग प्रणाली होगी।

56. किसी विद्यार्थी का एक सेसमेस्टर में कुल निष्पादन और द्वितीय सेमेस्टर से सतत निष्पादन को (क) ग्रेड पाइंट औसत (GPA); (ख) भारांकित औसत अंक (WAM); (ग) संचयी ग्रेड पाइंट औसत (CGPA) और (घ) संपूर्ण भारांकित प्रतिशत अंक द्वारा इंगित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत सीजीपीए (CGPA), ओडब्ल्यूपीएम (OWPM) विद्यार्थी के निष्पादन के वास्तविक सूचक होंगे। इसकी गणना इस प्रकार की जाएगीः

$GPA = (\sum Ci\ Gi) / (\sum Ci)$

$WAM = (\sum Ci\ Mi) / (\sum Ci)$

$CGPA = (\sum \sum Cni\ Gni) / (\sum \sum Cni)$

$OWPM = (\sum \sum Cni\ M\ ni) / (\sum \sum Cni)$,

जहां

Ci - i वें कोर्स में क्रेडिटों की संख्या,

Mi - i वें कोर्स में प्राप्तांक,

Gi - i वें कोर्स में प्राप्त ग्रेड पाइंट,

Cni - n वें सेमेस्टर के i वें कोर्स में क्रेडिटों की संख्या,

Mni - n वें सेमेस्टर के i वें कोर्स के अंक,

Gni - n वें सेमेस्टर के i वें कोर्स में ग्रेड पाइंट,

पाठ्यक्रम (कोर्स) के अनुसार लेटर ग्रेड और ग्रेड पाइंट

57. तद्नुसार, किसी पाठ्यक्रम में एक छात्र द्वारा प्राप्त अंको का प्रतिशत ग्रेड पाइंट द्वारा दर्शाया जायेगा और छह (6) पाइंट स्केल पर एक लेटर ग्रेड निम्नानुसार है –

अंकों का प्रतिशत	ग्रेड पाइंट	लेटर ग्रेड
75– 100	5.50–6.00	O
65– 74	4.50–5.49	A+
60– 64	4.00–4.49	A
55– 59	3.50–3.99	B+
50– 54	3.00–3.49	B
00– 49	0.00–2.99	F

एक अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्राप्त अंकों के आधार पर सटीक ग्रेड पाइंट की गणना करने के लिए निम्नलिखित गुणनकारक तथ्य लागू किये जायेंगे:

- 75–100 प्रतिशत के बीच 0.02 प्रति अंक
- 65–74 प्रतिशत के बीच 0.11 प्रति अंक
- 50–64 प्रतिशत के बीच 0.1225 प्रति अंक
- 0–48 प्रतिशत के बीच 0.0761 प्रति अंक

बशर्ते कि उपर्युक्त गुणनकारक ओडब्ल्यूपीएम (OWPM) का सीजीपीए (CGPA) में परिवर्तन हेतु प्रयोग में नहीं लाया जायेगा।

सीजीपीए, संपूर्ण लेटर ग्रेड और श्रेणी:

58. एक छात्र के संपूर्ण संचयी निष्पादन को (सीजीपीए) संचयी ग्रेड पाइंट औसत से दर्शाया जायेगा।

59. क्रेडिट की अधिकतम संख्या किसी पाठ्यक्रम में प्राप्त अंक और श्रेणी जो कि किसी अध्ययन कार्यक्रम के पूर्ण होने के लिए निर्दिष्ट किया गया हो, संपूर्ण लेटर ग्रेड और श्रेणी के साथ ओडब्ल्यूपीएम (OWPM) प्राप्त करने में विचार किया जायेगा, जो निम्नानुसार है–

ओडब्ल्यूपीएम	पत्र ग्रेड	श्रेणी
75–100	O	उत्कृष्ट
65–74	A+	प्रथम
60–64	A	प्रथम
55–59	B	द्वितीय
50–54	B	द्वितीय
0–49	F	अनुतीर्ण

60. एक छात्र जो कि व्यापक विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणली के तहत न्यूनतम निर्दिष्ट सख्या को प्राप्त करने के लिए सभी पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुका है, उसे अध्ययन–कार्यक्रम को पूर्ण करना माना जायेगा।

61. एक छात्र जिसने ओडब्ल्यूपीएम में 75 या उससे अधिक प्राप्त किया हो उसे परीक्षा में प्रथम श्रेणी (उत्कृष्ट) में उत्तीर्ण माना जाएगा बशर्ते कि उसने सफलतापूर्वक सभी निर्धारित पाठ्यक्रमों को पहली प्रस्तुति में ही पूर्ण किया हों।

विद्यार्थियों की रैंकिंग

62. प्रत्येक अध्ययन कार्यक्रम में प्रथम दो रैंक का निर्णय ओडब्ल्यूपीएम (OWPM) के आधार पर किया जायेगा।

उपस्थिति

63 यदि विद्यार्थी 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति प्राप्त करता है तो उसे पाठ्यक्रम के अंतिम सत्रक की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी।

64 विद्यार्थियों जिन्होंने पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है, की उपस्थिति का रिकार्ड का प्रबंध करने हेतु पाठयक्रम से संबंधित शिक्षक जिम्मेदार होगा तथा प्रत्येक विद्यार्थी की हर माह की उपस्थिति का रिकार्ड विभाग के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जायेगा। 65 सभी शिक्षक वैसे सभी विद्यार्थी के बारे में विवरण सहित जो एक अथवा अधिक पाठ्यक्रमों में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति प्राप्त करता है सत्रक में अंतिम कक्षा दिवस के कम से कम 7 दिन पूर्व संबंधित विभाग के प्रमुख/ केंद्र के निदेशक को सूचित करेंगे।

66 ऐसे सभी विद्यार्थियों के नाम विभाग के सूचना–पटल पर विभाग के प्रमुख/केंद्र के निदेशक प्रदर्शित करेंगे जो विभिन्न पाठ्यक्रमों में अंतिम सत्रक की परीक्षा देने के लिए पात्र नहीं होंगे तथा संबंधित स्कूल के अधिष्ठाता को एक प्रति भेजेंगे। 67. जो वैधानिक कारणों के लिए न्यूनतम निर्धारित 75 प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त नहीं कर पाता है उसे संबंधित स्कूल के अधिष्ठाता अभ्यर्थी को परीक्षा में अनुमति दे सकते हैं किंतु ऐसी छूट 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति के लिए नहीं दी जायेगी।

प्रोन्नति और प्रगति

68. विस्तृत पाठ्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार एक विद्यार्थी को व्यापक सतत आंतरिक मूल्यांकन के सभी घटकों में हिस्सा लेने की आवश्यकता हो जाती है। जिस विद्यार्थी ने पाठ्यक्रम को पूर्ण नहीं किया हो, उस विद्यार्थी द्वारा पाठ्यक्रम पूरा नहीं किया माना जायेगा और उसे ग्रेड आई 'I' प्रदान किया जाएगा।

69. जिन विद्यार्थियों को आई (I) ग्रेड प्रदान की जायेगी उन्हें अगले सत्रक में उसी पाठयक्रम के लिए पंजीयन करने की आवश्यकता होगी/ अथवा उसे अन्य पाठ्यक्रम में अध्ययन के कार्यक्रम को पूर्ण करने हेतु न्यूनतम विशिष्ट क्रेडिट की आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने योग्य व्यापक चयन पर आधारित क्रेडिट प्रणाली के अंतर्गत क्रेडिट संचय की संपूर्ण संरचना के अधीन पंजीयन कराना होगा।

70. किसी अभ्यर्थी एक पाठ्यक्रम को आई (I) ग्रेड अथवा एफ 'F' ग्रेड प्राप्त हुआ है, को छोड़कर अन्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया माना जाएगा।

71. एक छात्र जिसने एक पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है तो उसे उस पाठयक्रम में उसके ग्रेड में सुधार करने हेतु पुनः अनुमति नहीं दी जायेगी।

72. एक अभ्यर्थी जो न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु जिसे अभव में उसे उस पाठयक्रम में अनुर्त्तीण माना जायेगा और उसे एफ 'F' श्रेणी प्रदान की जायेगी।

73. यदि एक बार अभ्यर्थी को श्रेणी एफ 'F' मिल जाती है तो वह अभ्यार्थी वह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण कर लेने के बाद भी उसे रद्द नहीं किया जा सकता। विद्यार्थी द्वारा तदनंतर सत्रक के ग्रेड की ग्रेड शीट जिसमें अभ्यर्थी अपने शेष को पूरा करता है, में अंकित किया जाएगा।

74. यदि एक विद्यार्थी को एफ (F) ग्रेड प्रदान की जाती है, तो उसे केवल अंतिम सत्रक परीक्षा ही पुनः दे सकने की आवश्यकता होगी, अर्थात् अगले सत्र में उस पाठ्यक्रम में उपस्थित हो जाता है तब उसे उस पाठ्यक्रम के लिए प्रस्तावित अगले सत्र के सत्रांत परीक्षा में बैठने की आवश्यकता होगी। परंतु आगे यह कि एक विद्यार्थी को सतत आंतरिक मूल्यांकन अथवा मध्य सत्र परीक्षा में दोहराने / पुनः बैठने देने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उसके द्वारा पूर्व प्राप्त अंक / ग्रेड ही परिणाम घोषित करने हेतु वहन किया जाएगा।

75. एक विद्यार्थी एक पाठयक्रम में एफ 'F' ग्रेड प्राप्त करता है तो उसे उस पाठ्यक्रम के अंतिम सत्रक परीक्षा में अधिकतम 3 बार से अधिक अवसर के लिए पुनः बैठने देने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अर्थात् एक विद्यार्थी एक पाठयक्रम में एफ (F) ग्रेड के कारण पाठ्यक्रम शेष रहता है तो उसे उस पाठयक्रम के तद्नंतर अंतिम सत्रक परीक्षा (प्रथम अवसर सहित) अधिकतम 3 बार से अधिक अवसर के लिए पुनः बैठने देने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

76. यदि एक विद्यार्थी परियोजना कार्य/ परियोजना प्रतिवेदन/ लघुशोध प्रबंध/ क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन/ प्रशिक्षण प्रतिवेदन आदि में एफ (F) ग्रेड प्राप्त करता है तो उसे फिर से परियोजना कार्य/ परियोजना प्रतिवेदन/ लघु शोध प्रबंध/ क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन/ प्रशिक्षण प्रतिवेदन मूल्यांकन के लिए पुनः प्रस्तुत करना होगा।

परंतु आगे यह कि एक विद्यार्थी को परियोजना कार्य/ परियोजना प्रतिवेदन/ लघु शोध प्रबंध/क्षेत्र कार्य प्रतिवेदन/ प्रशिक्षण प्रतिवेदन आदि अधिकतम 3 बार (प्रथम प्रस्तुति सहित) पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति दी जायेगी।

77. परिपूरक/पूरक परीक्षा की कोई प्रणाली नहीं होगी।

78. विषम सत्रक में प्रवेशित सभी विद्यार्थी सम सत्रक के प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे। सम सत्रक से विषम सत्रक में प्रोन्नति के लिए पात्र होने के लिए किसी विद्यार्थी को पंजीकृत सभी पाठ्यक्रमों में उसके द्वारा कम–से–कम 50 प्रतिशत की आवश्यकता होगी। सभी ऐसे विद्यार्थी जो अगले सत्रक में प्रोन्नत नहीं होते हैं उनसे पूर्व विद्यार्थी के रूप में व्यवहार किया जायेगा तथा यह स्थिति तब तक बनी रहेगी जब तक वह अगले सत्रक में प्रोन्नति के लिए पात्र नहीं होता।

ग्रेड कार्ड–

79. प्रत्येक विद्यार्थी को सत्रक के अंत में ग्रेड कार्ड में निम्नांकित बिंदू समाविष्ट होंगे–

79.1 सत्रक में पंजीकृत प्रत्येक पाठयक्रम में प्राप्त अंक।

79.2 उस सत्रक के लिए पंजीकृत प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अर्जित 'क्रेडिट'।

79.3 लेटर ग्रेड द्वारा सूचित प्रत्येक पाठयक्रम में निष्पादन।

79.4 उस सत्रक के लिए पंजीकृत सभी पाठयक्रमों का ग्रेड पाइंट औसत (जीपीए)

79.5 उस सत्रक के लए पंजीकृत सभी पाठ्यक्रमों के भारांकित औसत अंक (डब्ल्यूएएम)।

79.6 संचित ग्रेड पाइंट औसत (सीजीपीए)

79.7 अंकों का संपूर्ण भारांकित प्रतिशत (ओडब्लूपीएम)।

79.8 कार्यक्रम के पूर्ण होने के पश्चात् सभी पाठ्यक्रमों की श्रेणी (क्लास) और ग्रेड।

अध्यादेश सं. 31

पाठ्यक्रम ढांचा, अध्ययन कार्यक्रम तथा डिग्रियां, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तें

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 28(1)(ख), 28(1) (ग) तथा 28(1) (छ) के अधीन]

पाठ्यक्रम ढांचाः

1. हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम ढांचा छात्र–केन्द्रित होगा और उच्चतर शिक्षा के प्रति समग्रतावादी दृष्टिकोण पर आधारित होगा। गहन ज्ञान पर संकेन्द्रित, पाठ्यक्रम तथा पाठ्यचर्या शोध और छात्रवृत्ति से संबद्ध होंगे और इसकी प्रतिपुष्टि तथा मूल्यांकन के आधार पर निरंतर समीक्षा की जाएगी तथा इसे अद्यतन किया जाएगा।

2. शिक्षण–पठन प्रक्रिया (वर्ग गतिविधियां, स्व–पठन, कार्य नियोजन, आंकलन तथा मूल्यांकन) का उद्देश्य निम्नलिखित का पोषण तथा विकास करना हैः

क. ज्ञान एवं बोध :– सामान्य, क्षेत्र विशिष्ट, विषय विशिष्ट, संगठन विशिष्ट, अनुप्रयोग–अभिविन्यास;

ख. क्षमताएं एवं कौशलः– मौखिक, संख्यात्मक, संश्लेषिक, विश्लेषणात्मक, व्यावहारिक कौशल, उद्यमिता–कौशल, नेतृत्व, सामूहिक–कार्यकरण इत्यादि

ग. मूल्य एवं अभिरुचिः– मानवीय मूल्य, कार्य नीति, कार्य संस्कृति, सकारात्मक सोच, परानुभूति, भावनात्मक प्रबुद्धि;

3. सभी अध्ययन कार्यक्रम की पाठ्यचर्या तथा अध्यापन में निम्नलिखित प्रयास होगा :–

क. वर्तमान तथा उभयमान ज्ञान, सिद्धान्त और अभ्यास से परिचित कराना।

ख. प्रोजेक्ट वर्क, साहित्य सर्वेक्षण, आंकड़ों के संग्रहण, विश्लेषण, निर्वचन तथा तर्क के जरिए शोध अभिरुचि तथा कौशल को समझाना।

ग. विवेचनात्मक सोच विकसित करना तथा ज्ञान का अनुसरण; और

घ. समीक्षा, मूल्यांकन तथा समस्या समाधान के लिए ज्ञान और कौशल का उपयोग करने के लिए क्षमता विकसित करना।

4. आंतरिक जिज्ञासा तथा विषय में प्रवीणता से प्रेरित ज्ञान को बढाने के लिए पाठ्यक्रम का लक्ष्य पढाई गई अंर्तवस्तु तथा छात्रों द्वारा मुक्त रूप से पठन के बीच अच्छा संतुलन बनाना है।

5. रटने के जरिए पढ़ने को निरूत्साहित करने के लिए सभी अध्ययन कार्यक्रम के पाठ्यक्रम का लक्ष्य ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग, विश्लेषण तथा संश्लेषण के संदर्भ में छात्रों के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन द्वारा कुल पठन परिणाम (टी एल ओ) का निर्धारण करना है।

6. छात्रों का निर्धारण तथा मूल्यांकन संपूर्ण छात्र प्रयास (टी एस ए) पर आधारित होगा। तदनुसार इसमें निम्नलिखित समाहित करते हुए कुल कार्यभार विनिर्देशनों में छात्रों की उपलब्धि को ध्यान में रखा जाएगा :–

क. संपर्क समय/संचालित वर्गकक्षा गतिविधि

ख. अभ्यास कार्य/प्रयोगशाला कार्य/ट्यूटोरियल/शिक्षक द्वारा मार्गदर्शित कार्यकलाप

ग. व्यक्तिगत/सामूहिक कार्य

घ. अनिवार्य/वैकल्पिक कार्य नियोजन

ड. साहित्य सर्वेक्षण/पुस्तकालय कार्य

च. आंकड़ों का संग्रहण/क्षेत्र कार्य/ प्रोजेक्ट वर्क

छ. शोध–पत्र/प्रोजेक्ट/शोध लेख/शोध–प्रबंध/संगोष्ठि

ज. दत्त कार्य/प्रश्नोत्तरी/मध्यावधिक

झ. सत्रांत परीक्षा

सत्र प्रणाली

7. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी अध्ययन कार्यक्रम सत्र प्रणाली पर आधारित होंगे। तदनुसार, विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेण्डर (क) 16 जुलाई से 15 दिसंबर तक मानसूनी सत्र (सत्र i एवं iii) तथा (ख) 16 जनवरी से 15 जून तक बसंत सत्र (सत्र ii एवं iv) में विभाजित होंगे। प्रत्येक सत्र में 18 सप्ताहों तक विस्तृत न्यूनतम 90 दिनों का शिक्षण होगा।

विकल्प–आधारित क्रेडिट प्रणाली (सी बी सी एस):

8. विश्वविद्यालय में सभी अध्ययन कार्यक्रम एक व्यापक विकल्प–आधारित क्रेडिट प्रणाली (सी बी सी एस) पर आधारित होगा।

9. सभी अध्ययन कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रमों में अंतर्वस्तु, शिक्षा की विधि एवं प्रगति के संदर्भ में छात्रों को व्यापक विकल्प प्रदान किए जाएंगे तथा छात्रों को पाठ्यक्रमों का उनका अपना विकल्प चुनने तथा उनके अपने मार्ग तथा शिक्षण की प्रगति पर निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

10. प्रत्यके सत्र में छात्रों को अपने मार्ग तय करने तथा पाठ्यक्रम के विकल्प का प्रयोग करने में समर्थ बनाने के लिए उन्हें संकाय सलाहकार द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी जो उन्हें अपने विकल्पों का प्रयोग करने में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

11. स्कूल बोर्ड व्यापक ढांचा विनिर्दिष्ट करेंगे, शैक्षणिक घटकों, पठन परिणामों तथा कार्यभारों को पूर्व–विनिर्दिष्ट करके मानदंड तथा पैमाने तय करेंगे जिनका पाठ्यक्रम तैयार करने तथा पढाने में विभागों द्वारा अनुपालन किया जाना है;

पाठ्य सूची:

12. पूर्वापेक्षाओं तथा सह–अपेक्षाओं एवं क्रेडिट सहित नाम/शीर्षक, शैक्षणिक घटकों, पाठ्यक्रम–अपेक्षाओं को स्कूल बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट व्यापक ढांचे के भीतर पाठ्य समिति द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

13. स्कूल बोर्ड/शैक्षणिक परिषद द्वारा यथा विनिर्दिष्ट तथा अनुमोदित सभी पाठ्यक्रम पाठ्य–सूची में सूचीबद्ध होंगे जिनकी निरंतर समीक्षा की जाएगी तथा अद्यतन किया जाएगा।

14. पाठ्य–सूची में विश्वविद्यालय के सभी विभागों/केन्द्रों/स्कूलों में संचालित सभी पाठ्यक्रमों की व्यापक सूची तथा संक्षिप्त रूपरेखा प्रदान की जाएगी।

15. पाठ्य–सूची में सूचीबद्ध प्रत्येक पाठ्यक्रम में इसके स्तर, पूर्वापेक्षाएं तथा सह–अपेक्षाएं, उस पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत करने वाले छात्रों की ओर से समय संबंधी प्रतिबद्धताओं के संबंध में प्रत्याशाएं तथा उस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने की अपेक्षाएं निर्दिष्ट होंगी।

पाठ्यक्रम पंजीकरण:

16. अध्ययन कार्यक्रम में दाखिले के बाद तथा प्रत्येक उत्तरवर्ती सत्र की शुरुआत के समय, छात्र को छमाही सत्र के दौरान इच्छित पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की आवश्यकता होती है।

17. पाठ्क्रमों के लिए पंजीकरण संकाय सलाहकार (सलाहकारों) के साथ परामर्श करके तथा विहित फार्मेट में किया जाएगा तथा इसे छात्र, संकाय सलाहकार और संबंधित विभागाध्यक्ष/केन्द्र के निदेशक द्वारा यथोचित रूप से हस्ताक्षरित किया जाएगा।

18. किसी छात्र को पाठ्यक्रम के पंजीकरण की तारीख से सात दिनों के भीतर पाठ्यक्रमों को बदलने, यदि लागू हो, की अनुमति दी जाएगी।

19. किसी सत्र में छात्र द्वारा क्रेडिट पंजीकरण की न्यूनतम तथा अधिकतम संख्या वह होगी जो स्कूल बोर्ड/शैक्षणिक परिषद द्वारा विहित की जाए।

पाठ्यक्रम ऑडिट:

20. पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले शिक्षक की अनुमति के अध्यधीन, किसी छात्र को विहित शुल्कों की अदायगी करने पर कोई क्रेडिट दिए अधिकतम दो पाठ्यक्रम तक बगैर ऑडिट तौर पर पढ़ने की अनुमति दी जा सकती है।

पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा:

21. कार्यक्रम के प्रस्तावों को गत्यात्मक, लचीला, बहु–विषयक तथा अंतर–विषयक बनाने के लिए अलग–अलग संकाय सदस्यों को किसी सत्र विशेष में उसके द्वारा पढ़ा जाने वाले प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए विस्तृत पाठ्यक्रम रूपरेखा तैयार करने की आवश्यकता होगी तथा वह प्रत्येक सत्र की शुरुआत होने पर पाठ्यक्रम पढ़ने के लिए पंजीकृत प्रत्येक छात्र को इसे उपलब्ध कराएगा।

22. पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा समग्र ढांचे तथा व्यापक दिशानिर्देशों जिनका पाठ्य समिति/स्कूल बोर्ड/शैक्षणिक परिषद द्वारा प्रावधान किया गया हो, के भीतर तैयार की जाएगी और उसमें किसी पाठ्यक्रम विशेष के बारे में विशिष्ट ब्योरे शामिल होंगे जैसे कि समापन अपेक्षाएं, मूल्यांकन मानदण्ड, इकाईवार पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु, व्याख्यान योजना, निर्धारित पाठ्य, पठन सूची, छात्र के प्रयास के लिए योजनाबद्ध कार्यकलाप/शिक्षक द्वारा संचालित कार्यकलाप इत्यादि।

क्रेडिट का आवंटन:

23. किसी पाठ्यक्रम विशेष के लिए आवंटित क्रेडिट विनिर्दिष्ट पठन परिणामों, शैक्षणिक घटकों तथा कार्यभार संबंधी अपेक्षाओं को यथोचित रूप से ध्यान में रखते हुए तय किए जाएंगे।

24. सामान्य नियम के तौर पर, 1 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 30 घण्टों का कार्यभार अपेक्षित होगा जिनमें निम्नलिखित निहित होंगे:–

क. व्याख्यान/व्यवस्थित वर्ग–कार्यकलाप/संपर्क अवधि के 10 घंटे

ख. प्रयोगशाला कार्य/अभ्यास कार्य/क्षेत्र कार्य/ट्यूटोरियल/शिक्षक द्वारा संचालित कार्यकलापों के 05 घंटे

ग. अन्य कार्यभार के 15 घंटे जैसे कि स्वतंत्र वैयक्तिक/सामूहिक कार्य, अनिवार्य/वैकल्पिक कार्य नियोजन, साहित्य सर्वेक्षण/पुस्तकालय कार्य; आंकड़ों का संग्रहण/क्षेत्र कार्य; शोध पत्र लेखन/प्रोजेक्ट/शोध लेख/शोध प्रबंध; संगोष्ठियां इत्यादि

25. अलग–अलग विभाग/केन्द्र/स्कूल इस शर्त के अध्यधीन कि 1 क्रेडिट पाठ्यक्रम में 30 घंटों का अधिकतम समस्त छात्र प्रयास/कार्यभार निहित होगा, पाठ्यक्रम की विशिष्ट आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं के आधार पर क्रेडिट विनिर्दिष्ट करने के लिए ऊपर विनिर्दिष्ट व्यवस्था से अलग हो सकते हैं।

अध्ययन कार्यक्रम:

26. सभी अध्ययन कार्यक्रम न्यूनतम पात्रता शर्तों, अवधि, साख संबंधी अपेक्षाओं तथा यू जी सी/राष्ट्रीय विनियामक निकाय/व्यावसायिक परिषदों द्वारा यथा निर्धारित न्यूनतम मानदण्डों की अन्य शर्तों के सामान्य रूप से अनुपालन में होंगे।

अध्ययन कार्यक्रम की न्यूनतम तथा अधिकतम अवधि:

27. यूजीसी/विनियामक निकायों/संबंधित व्यावसायिक परिषद की अपेक्षाओं के अध्यधीन, विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए तथा संचालित सभी अध्ययन कार्यक्रमों की न्यूनतम तथा अधिकतम अवधि वह होगी जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की गई हो।

दाखिले के लिए न्यूनतम पात्रता संबंधी अपेक्षाएं एवं मानदण्ड:

28. विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्हताओं, आयु सीमाओं तथा छूट, यदि कोई हो, सहित दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए न्यूनतम पात्रता शर्तें तथा मानदण्ड शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्धारित किए जाएंगे तथा विवरणिका में अधिसूचित किए जाएंगे।

अध्ययन कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएं:

29. यूजीसी/विनियामक निकाय/संबंधित व्यावसायिक परिषद की अपेक्षाओं के अध्यधीन किसी अध्ययन कार्यक्रम को पूरा करने के लिए क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएं इस प्रकार होंगी जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्धारित की जाएंगी।

डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान करने की शर्तें:

30. यूजीसी/विनियामक निकाय/संबंधित व्यावसायिक परिषद की अपेक्षाओं के अध्यधीन, डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तें वहीं होंगी जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद द्वारा निर्धारित की जाएं।

विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों के लिए न्यूनतम पात्रता अपेक्षाएं, दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्ड, अध्ययन कार्यक्रम पूरा करने के लिए क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएं और डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तें।

31. विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों के लिए न्यूनतम पात्रता अपेक्षाएं, दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्ड, अध्ययन कार्यक्रम पूरा करने के लिए क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएं और डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तें जो समय–समय पर शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित की जाएं, इस अध्यादेश की अनुसूची I में दी गई हैं।

अनुसूची I

विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों के लिए न्यूनतम पात्रता अपेक्षाओं, दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्ड, विभिन्न अध्ययन कार्यक्रम को पूरा करने के लिए क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएं तथा डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए शर्तें

एम बी ए/ एम बी ए (उद्यमशीलता विकास)/एम बी ए (बीमा और वित्तीय सेवाएं)

1. **कार्यक्रम की अवधि:**

क. न्यूनतमः दो वर्ष (4 सत्र)

ख. अधिकतमः पांच वर्ष (10 सत्र)

2. **न्यूनतम पात्रता शर्तें:**

क. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय के स्नातक/यू जी डिग्री में न्यूनतम 50% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड अथवा किसी विषय में समकक्ष परीक्षा

3. **न्यूनतम अर्हक अंकों में छूटः**

क. अधिकतम 5% तक न्यूनतम अर्हक अंकों में छूट अभ्यर्थियों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अशक्तताओं की श्रेणियों वाले व्यक्तियों के लिए दी जाएगी।

4. **दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्डः**

क. किसी अध्ययन कार्यक्रम में दाखिला चाहने वाले सभी आवेदकों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित फर्दर एजुकेशन एडमिशन टेस्ट (एफईएटी) में शामिल होना तथा अर्हता प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

ख. स्कूल बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित न्यूनतम कट–ऑफ अंकों को प्राप्त करने के अध्यधीन, सीटों की संख्या के तीन गुणे के बराबर अभ्यर्थियों को एफईएटी के मेरिट के ही आधार पर सामूहिक चर्चा/वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

ग. स्कूल बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित न्यूनतम कट–ऑफ अंकों को प्राप्त करने के अध्यधीन, दाखिले के लिए अंतिम चयन प्रवेशों से संबंधित अध्यादेशों में यथा विनिर्दिष्ट संयुक्त प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

5. **क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएं:**

क. कार्यक्रम के सफल रूप से पूर्ण करने के लिए छात्रों को कुल 80 क्रेडिट निम्नवत संचित करने की आवश्कता होगी:

पाठ्यक्रम का प्रकार	अपेक्षित साख	संपर्क अवधि/ व्याख्यान	व्याख्यान/अभ्यास कार्य/ क्षेत्रीय कार्य/ट्यूटोरियल	अन्य कार्यभार	टी एस ई कार्यभार घंटे
विश्वविद्यालय व्यापी पाठ्यक्रम (30%)	24	240	120	360	720
स्कूल व्यापी पाठ्यक्रम (40%)	32	320	160	480	960
विभाग व्यापी पाठ्यक्रम (30%)	24	240	120	360	720
कुल अपेक्षाएं	**80**	**800**	**400**	**1200**	**2400**

ख. किसी सत्र में छात्र द्वारा अर्जित किया जा सकने वाले क्रेडिट की अधिकतम संख्या 20 से अधिक नहीं होगी तथा उसे तद्नुसार इतने पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकृत करने की अपेक्षा होगी।

ग. किसी छात्र को अपनी गति से चुने हुए अध्ययन कार्यक्रम का अनुसरण करने में समर्थ बनाने के लिए किसी छात्र को किसी छमाही सत्र के लिए अधिकतम निर्धारित की अपेक्षा कम पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि किसी भी छात्र को किसी छमाही सत्र में अधिकतम निर्धारित पाठ्यक्रमों के 50% से कम के लिए पंजीकरण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परन्तु यह भी कि ऐसे छात्रों जो पाठ्यक्रमों के 75% से कम के लिए पंजीकरण करते हैं, को अंशकालिक छात्र माना जाएगा।

6. **डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तें:**

क. स्नातकोत्तर डिग्रीः कार्यक्रम में दाखिल छात्र को स्नातकोत्तर डिग्री तब दी जाएगी यदि वह 80 पीजी क्रेडिटों के साथ 4 सत्र सफलतापूर्वक पूरा करता हो।

ख. अडवांस्ड डिप्लोमाः यदि कार्यक्रम में दाखिल कोई छात्र 40 पी जी साखों के साथ 2 सत्रों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कार्यक्रम को स्वेच्छापूर्वक छोड़ देता हो उसे अडवांस्ड डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

परन्तु यह भी कि अडवांस्ड डिप्लोमा से स्वेच्छापूर्वक बाहर आ जाने वाले छात्रों को उनकी मास्टर्स डिग्री को पूरा करने के लिए दो वर्षों की अधिकतम अवधि के भीतर कार्यक्रम में पार्श्विक प्रविष्टि करने की अनुमति दी जा सकती है।

एमए (अर्थशास्त्र)

1. **कार्यक्रम की अवधिः**

क. न्यूनतमः दो वर्ष (4 सत्र)

ख. अधिकतमः पांच वर्ष (10 सत्र)

2. **न्यूनतम पात्रता शर्तें:**

क. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय के स्नातक/यूजी डिग्री में न्यूनतम 50% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड अथवा किसी विषय में समकक्ष परीक्षा

3. **न्यूनतम अर्हक अंकों में छूटः**

क. अधिकतम 5% तक न्यूनतम अर्हक अंकों में छूट अभ्यर्थियों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अशक्तताओं की श्रेणियों वाले व्यक्तियों के लिए दी जाएगी।

4. **दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्डः**

क. अध्ययन कार्यक्रम में दाखिला चाहने वाले सभी आवेदकों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित फर्दर एजुकेशन एडमिशन टेस्ट (एफईएटी) में शामिल होना तथा अर्हता प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

ख. स्कूल बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित न्यूनतम कट–ऑफ अंकों को प्राप्त करने के अध्यधीन, सीटों की संख्या के तीन गुणे के बराबर अभ्यर्थियों को एफ ई ए टी के मेरिट के ही आधार पर सामूहिक चर्चा/वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

ग. स्कूल बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित न्यूनतम कट–ऑफ अंकों को प्राप्त करने के अध्यधीन, दाखिले के लिए अंतिम चयन प्रवेशों से संबंधित अध्यादेशों में यथा विनिर्दिष्ट संयुक्त प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

5. **क्रेडिटों संबंधी अपेक्षाएं:**

क. कार्यक्रम के सफल रूप से पूर्ण करने के लिए छात्रों को कुल 80 पीजी क्रेडिट निम्नवत संचित करने की आवश्कता होगी:

पाठ्यक्रम का प्रकार	क्रेडिट	संपर्क अवधि/ व्याख्यान	प्रयोगशाला/अभ्यास कार्य/ क्षेत्र कार्य/ट्यूटोरियल	अन्य कार्यभार	टी एस ई कार्यभार घंटे
विश्वविद्यालय व्यापी पाठ्यक्रम (30%)	24	240	120	360	720
विभाग व्यापी पाठ्यक्रम (70%)	56	560	280	840	1680
कुल अपेक्षाएं	**80**	**800**	**400**	**1200**	**2400**

ख. छात्र द्वारा किसी सत्र में अर्जित किए जा सकने वाले क्रेडिटों की संख्या 20 से अधिक नहीं होगी और तद्नुसार उसे इतने पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने की आवश्यकता होगी ताकि वे अधिकतम 20 साख अर्जित कर सके।

ग. किसी छात्र को अपनी गति से चुने हुए अध्ययन कार्यक्रम का अनुसरण करने में समर्थ बनाने के लिए किसी छात्र को किसी छमाही सत्र के लिए अधिकतम निर्धारित की अपेक्षा कम पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि किसी भी छात्र को किसी छमाही सत्र में अधिकतम निर्धारित पाठ्यक्रमों के 50% से कम के लिए पंजीकरण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परन्तु यह भी कि ऐसे छात्रों जो पाठ्यक्रमों के 75% से कम के लिए पंजीकरण करते हैं, को अंशकालिक छात्र माना जाएगा।

6. **डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तें:**

क. स्नातकोत्तर डिग्रीः कार्यक्रम में दाखिल छात्र को अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री अर्थात् एमए (अर्थशास्त्र) तब दी जाएगी यदि वह 80 पीजी क्रेडिटों के साथ 4 सत्र सफलतापूर्वक पूरा करता हो।

ख. अडवांस्ड डिप्लोमाः यदि कार्यक्रम में दाखिल कोई छात्र 40 पीजी क्रेडिटों के साथ 2 सत्रों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कार्यक्रम को स्वेच्छापूर्वक छोड़ देता हो उसे अर्थशास्त्र में अडवांस्ड डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

परन्तु यह भी कि अडवांस्ड डिप्लोमा से स्वेच्छापूर्वक बाहर आ जाने वाले छात्रों को उनकी मास्टर्स डिग्री को पूरा करने के लिए दो वर्षों की अधिकतम अवधि के भीतर कार्यक्रम में पार्श्विक प्रविष्टि करने की अनुमति दी जा सकती है।

मास्टर्स ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू)

1. **कार्यक्रम की अवधिः**

क. न्यूनतमः दो वर्ष (4 सत्र)

ख. अधिकतमः पांच वर्ष (10 सत्र)

2. **न्यूनतम पात्रता शर्तें:**

क. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय यूजी डिग्री में न्यूनतम 50% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड अथवा किसी विषय में समकक्ष परीक्षा

3. न्यूनतम अर्हक अंकों में छूटः

क. अधिकतम 5% तक न्यूनतम अर्हक अंकों में छूट अभ्यर्थियों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अशक्तताओं की श्रेणियों वाले व्यक्तियों के लिए की जाएगी।

4. दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्डः

क. अध्ययन कार्यक्रम में दाखिला चाहने वाले सभी आवेदकों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित (एफईएटी) में शामिल होना तथा अर्हता प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

ख. स्कूल बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित न्यूनतम कट–ऑफ अंकों को प्राप्त करने के अध्यधीन, सीटों की संख्या के तीन गुणे के बराबर अभ्यर्थियों को एफईएटी के मेरिट के ही आधार पर सामूहिक चर्चा/वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

ग. स्कूल बोर्ड द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित न्यूनतम कट–ऑफ अंकों को प्राप्त करने के अध्यधीन, दाखिले के लिए अंतिम चयन प्रवेशों से संबंधित अध्यादेशों में यथा विनिर्दिष्ट संयुक्त प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

5. क्रेडिट संबंधी अपेक्षाएंः

क. कार्यक्रम के सफल रूप से पूर्ण करने के लिए छात्रों को कुल 80 पीजी क्रेडिट निम्नवत संचित करने की आवश्कता होगीः

पाठ्यक्रम का प्रकार	क्रेडिट	संपर्क अवधि/ व्याख्यान	प्रयोगशाला/अभ्यास कार्य/ क्षेत्र कार्य/ट्यूटोरियल	अन्य कार्यभार	टी एस ई कार्यभार घंटे
विश्वविद्यालय व्यापी पाठ्यक्रम (30%)	24	240	120	360	720
विभाग व्यापी पाठ्यक्रम (70%)	56	560	280	840	1680
कुल अपेक्षाएं	**80**	**800**	**400**	**1200**	**2400**

ख. छात्र द्वारा किसी छमाही सत्र में अर्जित किए जा सकने वाले साखों की संख्या 20 से अधिक नहीं होगी और तद्नुसार उसे इतने पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने की आवश्यकता होगी ताकि वे अधिकतम 20 साख अर्जित कर सके।

ग. किसी छात्र को अपनी गति से चुने हुए अध्ययन कार्यक्रम का अनुसरण करने में समर्थ बनाने के लिए किसी छात्र को किसी छमाही सत्र के लिए अधिकतम निर्धारित की अपेक्षा कम पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि किसी भी छात्र को किसी छमाही सत्र में अधिकतम निर्धारित पाठ्यक्रमों के 50% से कम के लिए पंजीकरण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परन्तु यह भी कि ऐसे छात्रों जो पाठ्यक्रमों के 75% से कम के लिए पंजीकरण करते हैं, को अंशकालिक छात्र माना जाएगा।

6. डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करने की शर्तेंः

क. स्नातकोत्तर डिग्रीः कार्यक्रम में दाखिल छात्र को सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर डिग्री (अर्थात् एमएसडब्ल्यू) तब दी जाएगी यदि वह 80 पीजी क्रेडिटों के साथ 4 सत्र सफलतापूर्वक पूरा करता हो।

ख. अडवांस्ड डिप्लोमाः यदि कार्यक्रम में दाखिल कोई छात्र 40 पीजी साखों के साथ 2 सत्रों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कार्यक्रम को स्वेच्छापूर्वक छोड़ देता हो उसे सामाजिक कार्य में अडवांस्ड डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

परन्तु यह भी कि अडवांस्ड डिप्लोमा से स्वेच्छापूर्वक बाहर आ जाने वाले छात्रों को उनकी स्नातकोत्तर डिग्री को पूरा करने के लिए दो वर्षों की अधिकतम अवधि के भीतर कार्यक्रम में पार्श्विक प्रविष्टि करने की अनुमति दी जा सकती है।

मास्टर्स ऑफ लाइब्रेरी साइंस (समेकित द्वैत डिग्री)

1. कार्यक्रम की अवधिः

क. न्यूनतमः दो वर्ष (4 छमाही सत्र)

ख. अधिकतमः पांच वर्ष (10 छमाही सत्र)

2. न्यूनतम पात्रता शर्तेंः

क. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय के स्नातक/यू जी डिग्री में न्यूनतम 50% अंक अथवा समकक्ष ग्रेड अथवा किसी विषय में समकक्ष परीक्षा

3. न्यूनतम अर्हक अंकों में छूटः

क. अधिकतम 5% तक न्यूनतम अर्हक अंकों में छूट अभ्यर्थियों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अशक्तताओं की श्रेणियों वाले व्यक्तियों के लिए की जाएगी।

4. दाखिले के लिए छात्रों के चयन के लिए मानदण्ड:

